हरिभूमि
# रायपुर भूमि



दिनभर छाए बादल बरसते रहे
चिपचिपाहट खत्म



# पंद्रह घंटे में साढ़े छह सेमी. बारिश से शहर तरबतर, दो दिन में पारा पांच डिग्री कम

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले पंद्रह घंटे में राजधानी में मध्यम गति से 62.6 मिमी बारिश हुई। लगातार बरस रहे बादल के प्रभाव से शहर तरबतर हो गया है। इसके असर से दो दिन में शहर का अधिकतम तापमान पांच डिग्री कम हुआ है, जिससे उमस भरी बेचैनी खत्म हो गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार रायपुर के ऊपर से एक विंड शियर जोन गुजर रहा है, जिसकी वजह से यहां बादल दिनभर बरसते रहे। शहर में बारिश का दौर सोम-मंगल की दरम्यानी रात से प्रारंभ हुआ और मंगलवार को दिनभर चलता रहा। आंकड़ों के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे तक शहर में डेढ़ सेमी. से कम वर्षा हुई थी। इसके बाद कभी कम तो कभी ज्यादा की स्थिति में बादल बरसते रहे और रात साढ़े 11 बजे तक आंकड़ा 56 मिमी. तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें, तो शहर के ऊपर अभी काफी मात्रा में बादल छाए हुए हैं जो अभी भी बरस सकते हैं। बुधवार को बारिश का प्रभाव हल्के से मध्यम रूप में रहने का अनुमान है। इसके बाद बादल ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अब तक 380 मिमी. बारिश

*मौसम विभाग के आंकड़े और पिछले बारह घंटे में बादल के बरसने के बाद आंकड़ा 380 मिमी. तक पहुंच गया है। जिले में अब तक की औसत बारिश 400 मिमी. है। विशेषज्ञों की माने, तो काफी समय बाद जुलाई के महीने में अच्छी बारिश हुई है और आने वाले दिनों में भी इसकी गतिविधि बनी रहने की संभावना है।*

### विंड शियर के जोर से राजधानी के ऊपर हुआ ज्यादा असर



### माना में कम असर

*बारिश का प्रभाव माना की तुलना में शहर में अधिक रहा। वहां सुबह साढ़े आठ से रात साढ़े आठ बजे तक लगभग 45 मिमी. बारिश हुई थी। सोम-मंगल की दरम्यानी रात भी वर्षा एक सेमी. से कम में सिमटकर रह गई थी। इसके अलावा धरसींवा और गोबरा-नवापारा में भी ठीक-ठाक बारिश हुई थी।*

---

## खबर संक्षेप

### पान मसाला दुकान से 1.18 लाख पार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी योगेश बाधवानी निवासी ईदगाहभाठा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बरसाना इनक्लेव के सामने सतगुरु प्रोविजन स्टोर्स नाम से पान मसाला दुकान है। 26 जून को उसने दुकान में सेविंग के 50 हजार तथा व्यापारियों को देने के लिए 68 हजार कुल 1 लाख 18 हजार रुपए रखे थे। रात 10 बजे दुकान बंद कर वह घर चला गया, सुबह 9 बजे जब दुकान पहुंचा तो ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो नकदी रकम के साथ पान मसाला के सामान भी चोरी हो चुके थे। पुलिस ने मामले में धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### चाकू लहराकर फैलाई दहशत, गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने चाकू के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 22 जुलाई को दोपहर डेढ़ बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि बॉम्बे मार्केट के पास सुलभ शौचालय के सामने एक व्यक्ति चाकू को हवा में लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी मो. तौसीफ निवासी चौरसिया कॉलोनी मस्जिद के पास टिकरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ठेले पर शराब पिलाते तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने ठेले पर अवैध रूप से लोगों को शराब पिलाने मामले में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा का मामला है, जहां ठेला संचालक चंद्रदेव पंडित, पवन साव, ओमनारायण साहू आम लोगों को अपने-अपने ठेले पर शराब पिला रहे थे। पुलिस ने सभी ठेला संचालकों के विरुद्ध धारा आबकारी एक्ट 36सी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन में 10 प्रसव का रिकार्ड

**रायपुर।** आरंग ब्लॉक में बने नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंदिर हसौद में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अप्रत्याशित परिणाम देखने को मिल रहे हैं। बीते दिनों आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने 43 पुरुषों की नसबंदी का रिकॉर्ड बनाया गया था। अब मंदिर हसौद के नए बने सीएचसी में 10 गर्भवती महिलाओं का एक ही दिन में सामान्य प्रसव कराया गया है। इसके लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, आरंग ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर विजयलक्ष्मी अनंत तथा चिकित्सकीय टीम की सराहना की है।

---

### पुलिस ने दिल्ली में दबोचा, अपहरण, हत्या के प्रयास का मामला, जेल भेजे गए

# बेसबॉल बैट से पिटाई करने वाले आरोपियों का आधा सिर मुंडवाकर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपहरण कर एक युवक की बेसबॉल बैट से बेहरमी से पिटाई करने के बाद उसे अधमरा हालत में मंदिर हसौद क्षेत्र में फेंककर फरार होने वाले चारों आरोपियों को राजधानी पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। घटना के बाद सभी आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपना मोबाइल बंद कर दिल्ली भाग गए थे, लेकिन दिल्ली टॉवर से मोबाइल कनेक्ट होते ही पुलिस को आरोपियों के लोकेशन का पता चला, जिसके बाद टीम दिल्ली पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर रायपुर लेकर पहुंची हैं। बताया गया है कि आरोपियों की पीड़ित युवक के साथ रंजिश थी। किसी मामले में पीड़ित के कारण आरोपियों को पूर्व में जेल जाना पड़ा था। इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित शंकर सिंह ठाकुर ई-रिक्शा चालक है। उसने रिक्शा किराए पर लिया हुआ है। 15 जुलाई की रात करीब 10 बजे रिक्शा को उसके मालिक के घर छोड़ने के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त जिसका नाम प्रिंस बागड़े है, ने उसे कॉल कर रामनगर क्षेत्र में बुद्ध चौक के पास मिलने के लिए बुलाया। शंकर जब वहां पहुंचा, तो प्रिंस अपने अन्य साथी अंकुश, अनिल सिन्हा व ललित गौरे के साथ खड़ा था। यहां शंकर से अच्छे से बातचीत करने के बाद प्रिंस उसे बहाने से कार में बिठाकर अपने रामनगर स्थित किराए के घर ले गया और फिर घर में बंधक बनाकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बेसबॉल बैट से जमकर जमकर पिटाई की थी। इस दौरान उस पर चाकू से भी हमला किया था, जिससे बचने के प्रयास में शंकर के हाथ में जख्म भी आया है। आरोपियों ने शंकर के साथ की इस मारपीट का विडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया में वायरल किया था। इस विडियो के वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच करते हुए आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया।

हरिभूमि फॉलोअप



### अधमरी हालत में 30 किलोमीटर दूर फेंकने के बाद हुए फरार

पुलिस ने बताया कि शंकर के बयान के अनुसार घर पर मारपीट करने के बाद आरोपी उसे कार में डालकर मंदिर हसौद क्षेत्र ले गए थे, जहां कार से उतारकर उसे सड़क पर फेंक दिया। उस समय भी बेसबॉल बैट से उसकी पिटाई की गई थी, जिसके बाद वह बेहोश हो गया था। रातभर वह वहीं बेहोशी हालत में पड़ा रहा। सुबह जब उसे होश आया, तो उसने एक व्यक्ति की मदद से 112 को बुलाया, जिसके बाद उसे मंदिर हसौद के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया। इसके बाद उसके परिजनों ने उसे मेकाहारा में रेफर कराया।

### बारिश के बीच निकाला जुलूस, कराई उठक-बैठक

*दिल्ली से गिरफ्तारी के बाद रायपुर लाए गए चारों आरोपियों का पुलिस ने आधा सिर मुंडवा कर उनका गुढ़ियारी क्षेत्र में पैदल जुलूस निकाला, ताकि आम लोगों में आरोपियों का खौफ खत्म हो। इस दौरान बारिश भी हो रही थी, लेकिन इसकी परवाह किए बिना पुलिस कर्मियों ने आरोपियों का खौफ आम लोगों से खत्म करने के लिए भीगते हुए उनका जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपियों से अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है के नारे भी लगवाए। जुलूस निकालने के बाद थाने में भी चारों आरोपियों से कई मिनटों तक उठक-बैठक भी कराई गई।*

### इंस्टाग्राम में तस्वीरें डालकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास

*घटना के बाद फरार होने के बाद चारों आरोपी कई बार इंस्टाग्राम में लाइव भी दिखे थे। आरोपियों ने कभी पार्टी का, तो कभी अलग जगह का फोटो वायरल कर पुलिस को गुमराह करने का भी प्रयास किया था, ताकि उनका लोकेशन नहीं मिल पाए, लेकिन मोबाइल का लोकेशन ट्रेस होने के कारण सभी आरोपी पकड़े गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपहरण, हत्या का प्रयास के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।*

---

# राजधानी में स्वाइन फ्लू की दस्तक, निजी अस्पताल में दो भर्ती



- दस दिन पहले कांकेर के युवक में मिला था एच1एन1 का संक्रमण
- ज्यादा दिनों तक सर्दी-खांसी बुखार तो हो सकता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के साथ शुरू हुई मौसमी बीमारी के बीच स्वाइन फ्लू की भी एंट्री हो गई है। राजधानी के दो लोगों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। दस दिन पहले एक अन्य अस्पताल में कांकेर के युवक को एच1एन1 का संक्रमित पाया गया था। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दी, खांसी, बुखार की शिकायत अगर ज्यादा दिनों तक पीछा नहीं छोड़ रही है, तो इसकी जांच कराना आवश्यक है। जानकारी के अनुसार ▶▶|शेष पेज 11 पर

### भीड़भाड़ वाले इलाके में सावधानी

*सूत्रों के अनुसार स्वाइन फ्लू फैलने वाला संक्रमण है, इसलिए भीड़ वाले इलाके में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ऐसी जगह में जाने के दौरान मास्क का उपयोग किया जाना चाहिए। करीब पांच साल पहले स्वाइन फ्लू ने प्रदेश में काफी कहर बरपाया था। इसके बाद इस जानलेवा संक्रमण के मामले सामने आते रहे हैं मगर खतरा कम हो चुका है।*

### हवा के जरिए होता है विस्तार

*स्वाइन फ्लू का वायरस हवा में फैलता है। संक्रमित व्यक्ति की नाक अथवा मुंह से निकले द्रव्य कण के संपर्क में आने से दूसरे शख्स भी इसका शिकार हो जाता है। इसे देखते हुए संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाने और आम लोगों के उपयोग की जाने वाली वस्तु से उन्हें दूर रखने के हिदायत दी जाती है और उसके लिए निर्धारित गाइडलाइन का पालन करना होता है।*

### निजी अस्पताल में केस

निजी अस्पताल में स्वाइन फ्लू के दो केस होने की जानकारी मिली है। इलाज के दौरान उनकी हालात सामान्य है। मौसम को देखते हुए अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

- **डॉ.मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

---

# कांग्रेसियों को रोकने 9 सौ पुलिस बल रहेगा तैनात, पंडरी मार्ग पर गाड़ियों की नो एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी का विधानसभा घेराव आज

कानून व्यवस्था के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को विधानसभा घेराव का ऐलान किया है। इस ऐलान के बाद कांग्रेसियों की रैली को प्रशासन अवंतिबाई चौक के पास ही रोकने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत यहां टिन की ऊंची दीवारें बनाने के साथ यहां करीब 9 सौ की संख्या में पुलिस बल लगाया जा रहा है। इसमें राजपत्रित अधिकारियों से लेकर सीएसपी, थाना प्रभारियों के साथ 5 सौ से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए मंडी गेट से अवंति चौक जाने वाले मार्ग को सुबह 10 बजे से बंद किया जाएगा जो प्रदर्शन समाप्त होने तक रहेगा। इस दौरान इस मार्ग पर आम आवागमन ▶▶|शेष पेज 11 पर



### परेशानी से बचने वैकल्पिक मार्ग से गुजरना होगा

कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण पंडरी मार्ग के बंद होने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना होगा, क्योंकि प्रदर्शन शुरू के पहले से लेकर खत्म होने के बाद एक घंटे तक इस मार्ग पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहेगी। इसे देखते हुए पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि कल सुबह से शाम तक पंडरी मार्ग की जगह दूसरे मार्ग का इस्तेमाल करें। इसमें बलौदाबाजार की ओर से शहर आने-जाने वाले डीपीएस स्कूल के पास नहर मार्ग से बाराडेरा-रिंग रोड नंबर 03-राजूढाबा, ▶▶|शेष पेज 11 पर


### अधिकारियों सहित 9 सौ पुलिस बल की लगाई गई ड्यूटी

कांग्रेस के विधानसभा घेराव कार्यक्रम को देखते हुए पंडरी से अवंति विहार चौक तक करीब 9 सौ पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों से लेकर सीएसपी, टीआई भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेसियों की रैली को अवंतिबाई चौक के पास रोका जाएगा।

- **लखन पटले,** एएसपी रायपुर

### सुरक्षा गार्ड से गाली गलौच, केस दर्ज

**रायपुर।** माना कैंप पुलिस ने एक निजी कंपनी का विज्ञापन बोर्ड को तोड़ने तथा मना करने पर सिक्योरिटी गार्ड से गाली-गलौच करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 19 जुलाई की रात करीब डेढ़ बजे की है। प्रार्थी परमानंद साहू श्रीबजरंग पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड गोयल टीएमटी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। घटना वाली रात को वह ड्यूटी पर तैनात था, उसी दौरान कुछ व्यक्ति कार से वहां पहुंचे और कार से उतरने के बाद कंपनी के लगे 6 विद्युत विज्ञापन बोर्ड पैर से मारकर तोड़ने लगे। गार्ड ने जब उन्हें मना किया तो वे गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के तहत धारा 296, 3(5), 324(4) व 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



---

*बारिश में फिल्टरेशन की दर 15 फीसदी हो गई कम*

# खारुन के पानी में मटमैलापन तोड़ दिया तीन साल का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले 4 दिन से लगातार रुक-रुक हो रही बारिश के कारण खारुन नदी का बहाव बढ़ने के साथ ही निगम के भाठागांव फिल्टर प्लांट में एनीकट के जरिये आ रहे रॉ वाटर के मटमैलापन ने 3 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। पहली बार नदी के पानी में 2900 पीपीएम की टर्बिटी मापी गई। पानी में भारी मात्रा में मिट्टी और गाद की वजह से यह स्थिति बनी है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र ने बताया, पिछले साल बारिश के सीजन में पानी का गंदलापन 1800 से 1900 पीपीएम रहा। उससे पहले वाले वर्ष में 1800 से 2000 पीपीएम पानी का मैलापन मापा गया, पर इस बार 2900 पीपीएम पानी की टर्बिटी ने चौंका दिया है। कच्चा पानी को साफ करने में 24 घंटे में 30 टन एलम की खपत पहुंच गई है।

हरिभूमि फॉलोअप


खारुन में प्राकृतिक बहाव से पहुंचने लगा पानी
बारिश में निगम का एनीकट ओवरफ्लो, पानी चार इंच ऊपर, मटमैलापन 30 पीपीएम बढ़ा
43 पानी टंकियों से शहर को जल आपूर्ति
बरसात में एलम की खपत 4 गुना

### प्लांट में पानी पहुंचाने वाला मुहाना 15 फीट नीचे तक जाम

एनीकट से लगे फिल्टर प्लांट की टंकी में आने वाले नदी के कच्चे पानी में आ रही बाधा को दूर करने जल विभाग ने पखवाड़े तक गोताखोरों की ड्यूटी लगाई है। यह हर 2-2 घंटे में प्लांट के मुहाने में 15 फीट की गहराई में डुबकी लगाकर कचरा निकाल रहे हैं। झाड़ी और जलकुंभी तथा जलीय कचरे से प्लांट में पानी पहुंचाने वाला मुहाना जाम हो रहा है। फिल्टर प्लांट के अधिकारी का कहना है खारुन के बहाव में पानी में भारी मात्रा में गाद और मिट्टी के साथ जलकुंभी आ रही है। अगले दो दिनों तक इसी तरह की स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

### एनीकट ओवरफ्लो, 10 फीट ऊपर तक बहा पानी

मंगलवार सुबह एनीकट में ओवरफ्लो की स्थिति देखी गई। 10 फीट ऊपर तक प्राकृतिक बहाव का पानी बहता रहा। वहीं बारिश के पानी में अशुद्धियां ज्यादा होने से नगर निगम के फिल्टर प्लांट से फिल्टरेशन की दर सामान्य दिनों की तुलना में 15 फीसदी कम हो गई है। ऐसे में शहरवासियों को नगर निगम की 43 नई व पुरानी पानी टंकियों से 15 फीसदी साफ पानी कम मिलेगा।

### गंगरेल डेम से पानी लेना जल्द होगा बंद

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में बारिश के कारण प्राकृतिक स्त्रोतों से तेज बहाव के साथ कच्चा पानी पहुंचने लगा है। इसे देखते हुए नगर निगम अब सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम से पानी की आपूर्ति बंद करने जल्द पत्र लिखेगा। आने वाले ढाई माह तक शहरवासियों की प्यास बुझाने नगर निगम को गंगरेल डेम से पानी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

---

# ओपीडी के कंसलटेंट डाक्टर अभी भी गायब, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तय समय पर ड्यूटी में आकर मरीजों की जांच करने आंबेडकर अस्पताल में बनाया गया निगरानी सिस्टम असरदार साबित नहीं हो रहा है। ड्यूटी वाले सीएमओ कंसलटेंट डाक्टर के नदारद होने की शिकायत तो कर रहे हैं, मगर प्रबंधन द्वारा उस पर किसी तरह का एक्शन नहीं लिया गया है। दस दिन पहले अस्पताल अधीक्षक कार्यालय द्वारा ओपीडी में आने वाले डाक्टरों की टाइमिंग में सुधार के लिए मौजूद रहने वाले आपात चिकित्सा अधिकारियों की निगरानी की ड्यूटी लगाई गई थी। सुबह की पाली में ड्यूटी करने वाले सीएमओ तो नियमित रूप से निगरानी कर रहे हैं, मगर ओपीडी ▶▶|शेष पेज 11 पर



- सीएमओ द्वारा निगरानी का सिस्टम बेअसर

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

# अनुपूरक को मंजूरी, फिर से शुरू होगी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना

छत्तीसगढ़ सरकार का 2024-25 का पहला अनुपूरक बजट मंगलवार को विधानसभा से पारित हो गया। वित्त मंत्री ने यह अनुपूरक 7 हजार 329 करोड़ रुपयों का रखा था। अनुपूरक पर सत्ता और विपक्ष के 19 सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया। चर्चा के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि प्रथम अनुपूरक में महतारी वंदन योजना, लोकनायक जयप्रकाश सम्मान निधि, नियद नेल्लानार, पीएम जनमन योजना के साथ ही खेल सुविधाओं, आंगनबाड़ी भवन, देवगुड़ियों के निर्माण उन्नयन, इन्क्यूबवेशन सेंटर की स्थापना सहित अनेक विकास कार्यों के लिए प्रावधान रखे गए हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पुनः शुरू की जा रही है, इसके लिए भी बजट प्रावधान रखा गया है।

## ग्रीन ट्रांसपोर्ट, चलेंगी 240 बसें

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रीन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने हेतु ई-बस सेवा योजना अंतर्गत रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा हेतु कुल 240 बसों के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट,



जिसकी अनुमानित लागत 66 करोड़ है, के लिए प्रथम अनुपूरक में 40 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों को सब्सिडी प्रदाय करने हेतु वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस योजना को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। अतः योजना में अतिरिक्त आवश्यकता को देखते हुए प्रथम अनुपूरक में 20 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान रखा गया है।

## कांग्रेस ने बंद की थी तीर्थ योजना, अब होगी शुरू

श्री चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार के पिछले कार्यकाल में प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, जिसे पिछली सरकार द्वारा बंद कर दिया गया था, को पुनः प्रारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को देश के प्रमुख तीर्थों की यात्रा कराने हेतु अनुपूरक में 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## इन विधायकों ने रखी अपनी बात

वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक बजट की चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक अटल श्रीवास्तव, उमेश पटेल, श्रीमती अनिला भेड़िया, श्रीमती संगीता सिन्हा, रामकुमार यादव, देवेंद्र यादव, कुंवर सिंह निषाद, राघवेन्द्र कुमार सिंह ने अनुदान मांगों के विरोध में अपनी बात रखी। इसी प्रकार अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह, अनुज शर्मा श्रीमती भावना बोहरा, सर्वश्री नीलकंठ टेकाम, मोती लाल साहू, गुरु खुशवंत सिंह साहेब, गजेन्द्र यादव ने अनुदान मांगों के पक्ष में अपनी बात रखी। इस चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य अजय चंद्राकर की टिप्पणियों को लेकर विपक्षी कांग्रेसी नाराज हो गए। विपक्षी सदस्यों ने यह कहते हुए बहिर्गमन किया कि अजय चंद्राकर की चर्चा में हिस्सा नहीं लेंगे।

# बिना निविदा के खरीदी 3.75 करोड़ की टी-शर्ट और टोपी, जांच के आदेश

## राहुल गांधी के कार्यक्रम में बांटी गई थी 3.75 करोड़ की टी-शर्ट और टोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में दूसरे दिन निविदा एवं कार्यादेश के बिना टी-शर्ट और टोपी खरीदने का मामला गूंजा। ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा, 3 करोड़ 75 लाख रुपए की ख़रीदी बगैर निविदा की गई। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने मामले ने कहा कि गोल्डन मोमेंट संस्थान से किसी भी शासकीय प्रक्रिया द्वारा ख़रीदी नहीं की गई। ना ही किसी तरह का भुगतान किया गया है। मामले में काफी देर तक सवाल जवाब के बाद मंत्री ने जांच कराने की घोषणा की। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा की गई खरीदी पर भाजपा विधायक राजेश मूणत ने ध्यानाकर्षण सूचना में पूछा कि राजीव मितान योजना के तहत रायपुर में राहुल गांधी के सम्मेलन में टी-शर्ट और टोपी की सप्लाई खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा की गई थी या नहीं? उन्होंने कहा, खेल विभाग के संचालक ने पत्र लिखकर सरकार से राशि की मांग की है। सप्लाई करने वाली कंपनी ने विभाग को भुगतान संबंधी आवेदन दिया। आवेदन पर विभाग के सील और दस्तख़त भी हैं। आवेदन के आधार पर विभाग ने प्रक्रिया आगे बढ़ाई। विभाग के व्यक्ति हेमंत महापात्र के चैट में इस बात का ज़िक्र है। अधिकारियों के नाम, पते, फ़ोन नंबर सबका का डिटेल मैं दे देता हूं। जब विभाग ने ख़रीदारी नहीं की, तो अधिकारी कैसे इसमें शामिल थे। राजीव मितान क्लब के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ है। खेल मंत्री ने कहा जब तक फ़र्म कार्यादेश नहीं दिखाता, तब तक भुगतान नहीं किया जा सकता। विभागीय स्तर पर इसकी खरीदी नहीं की गई थी।

**सवा लाख टी-शर्ट और टोपी की सप्लाई**


राजेश मूणत ने कहा कि जब विभाग ने कार्यदेश नहीं दिया तब कैसे 1 लाख 25 हज़ार टी-शर्ट और टोपी की सप्लाई कैसे हो गई? विभाग ने सप्लाई रिसीव कैसे ले लिया? मार्च 2023 में विभाग ने शासन को इसके भुगतान को लेकर पत्र क्यों लिखा है? ख़रीदी के पहले विभाग ने बाकायदा मीटिंग भी की थी, इसके साथ पूछा कि मुख्यमंत्री ने बैठक लेकर क्या निर्देश दिया था? जब विभाग ने वर्क ऑर्डर नहीं दिया तो फिर सप्लाई की रिसीविंग क्यों दी गई? क्या इस मामले की जांच विधानसभा की समिति से करायेंगे।

**नया रायपुर में हुआ था आयोजन**

मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि 24 अगस्त 2023 को सीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। बैठक में प्रस्ताव लाया गया था कि राजीव मितान क्लब का एक आयोजन करना है। बाद में एक और बैठक हुई, जिसमें टी-शर्ट और टोपी की ख़रीदी और आयोजन के लिए नौ करोड़ रुपए की आवश्यकता बताई गई। नया रायपुर में इसका आयोजन हुआ, इसके बाद चुनाव आचार संहिता लग गई।

## खाद-बीज और बिजली कटौती पर स्थगन, अस्वीकार किए जाने पर बेल में आए कांग्रेसी विधायक निलंबित

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस ने नकली खाद, बीज और दवाओं को लेकर स्थगन दिया। कांग्रेस ने कहा कि अभी पानी कि स्थिति सुधर गई है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती बढ़ गई है। वही सत्ता पक्ष ने विपक्ष के आरोपों को



बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह इस मामले में चर्चा कराने से की अनुमति नहीं दिया। कांग्रेस सदस्य स्थगन अस्वीकार किए जाने पर आक्रोशित हो गए और नारेवाजी करते हुए सदन के गर्भगृह में आ गए। विधानसभा अध्यक्ष ने भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के 32 विधायक निलंबित कर दिया गया और सदन की कार्यवाही 3 बजे तक स्थगित कर दी। शून्य काल में यह मामला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया। उन्होंने कहा, किसानों को खाद -बीज नहीं मिलने,व बिजली कटौती और किसानों को नकली खाद और दवाई की आपूर्ति की जा रही है। किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस ने राज्य विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा की मांग की। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य के किसान नकली खाद बीज, दवाई और बिजली कटौती से परेशान है।

## बस्तर में 768 करोड़ के 95 ब्रिज में से 19 बने, 5 निरस्त

विधानसभा में कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने बस्तर संभाग में ब्रिज निर्माण का मामला उठाया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव से बस्तर संभाग में ब्रिज निर्माण की जानकारी मांगी। मंत्री ने बताया कि पिछले चार साल में 95 ब्रिज निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई थी। इनमें से 19 ब्रिज के काम पूरे हुए। 5 का टेंडर निरस्त कर फिर से टेंडर किया जा रहा है। एक ब्रिज का निर्माण जमीन नहीं मिलने के कारण निरस्त किया गया। प्रशनकाल में कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने पूछा कि 2020 से 2024 तक अब तक संभाग में कौन कौन से ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई? जितने ब्रिज निर्माण की स्वीकृति थी उनमें से लक्ष्य कब तक था? कितने निर्माण हुए? कितने बाकी और क्यों? लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने बताया



कि 2020 से मार्च 2024 तक 768.98 करोड़ की लागत से बस्तर संभाग में 95 ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई। बस्तर में 7, दंतेवाड़ा में 4, बीजापुर में 9, सुकमा में 9, कोंडागांव में 19 और नारायणपुर जिले में 37 ब्रिज की स्वीकृति हुई है। 30 ब्रिज निविदा प्रक्रिया में अटकी उन्होंने बताया कि स्वीकृत ब्रिज में से 19 ब्रिज का काम पूरा हो चुका है। 45 ब्रिज का काम प्रगति पर है। अभी तक 5 ब्रिज का काम निरस्त है, जिसकी फिर से निविदा निकाली जा रही है। 25 ब्रिज के कार्य निविदा भी प्रगति पर है। एक ब्रिज का काम जमीन नही मिलने के कारण निरस्त किया गया है। मंत्री ने कहा, बस्तर के विकास के लिए विष्णुदेव साय प्रतिबद्ध है। साय सरकार अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरेगी।

# जल जीवन मिशन को लेकर धर्मजीत ने कसा तंज, कहा- कांग्रेस सरकार में गधे-गंवारों को मिलता रहा काम

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी को लेकर भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा, बिल्हा विधानसभा में सिर्फ 10 प्रतिशत काम हुआ है। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने तंज कसा कि कांग्रेस सरकार में गधे-गंवारों को काम मिलता रहा है। उन्होंने सभी 90 विधानसभा में संचालित कार्यों की समीक्षा करने की मांग उठाई। पीएचई मंत्री अरुण साव ने विधायकों के सुझाव पर अमल करते हुए घोषणा की है कि इसका परीक्षण कराया जाएगा। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी का हवाला देते हुए कहा, मेरे विधानसभा क्षेत्र के दो ब्लॉक में सिर्फ 10 प्रतिशत काम हुआ है। मंत्री अरुण साव ने इस पर कहा, सदस्य की जो शिकायत है, उस पर जांच कराएंगे। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने तंज कसा कि कांग्रेस सरकार में गधे-गंवारों को काम मिलता रहा है। कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ी का नतीजा ये है कि सभी 90 विधानसभा में यह योजना दम तोड़ रही है। आसंदी से



आग्रह करता हूं कि सभी विधानसभा में कार्यों की समीक्षा की जाए। मंत्री ने कहा, सदस्य के सुझाव पर काम होगा। कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने बालोद विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में अपूर्ण कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा, काम कहीं नहीं हो रहा है। उनकी शिकायत पर अरुण साव ने परीक्षण कराने की बात कही है।

**79 संस्थाओं का पंजीयन निरस्त**

मंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में कुल 883 संस्थाओं फर्म को पंजीकृत किया गया है। अनिमियता पाए जाने के बाद 79 संस्थाओं का पंजीयन निरस्त किया गया। लगातार विभाग को दुरूस्त को किया जा रहा है, कार्य में लापरवाही बरतने वाले 9 अधिकारी और कर्मचारी निलंबित किए गए हैं।

## मंत्री साव ने कहा- भाजपा सरकार बनने के बाद केंद्र से नए पीएम आवास की नहीं मिली स्वीकृति

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में प्रधानमंत्री आवास योजना के मुद्दे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, शहरी क्षेत्रों में कितने आवास का डीपीआर बनाकर केंद्र को भेजा गया। कितने आवास को स्वीकृति मिली। नगरीय प्रशासन मंत्री मंत्री अरुण साव ने कहा, पिछली सरकार में 19 हजार 906 आवास बनाने का डीपीआर केंद्र को भेजा गया है। नए आवास की स्वीकृति अब तक केंद्र से नहीं मिली है। प्रश्नकाल भूपेश बघेल ने कहा, 18 लाख आवास बनाने की योजना का जो विज्ञापन जारी हुआ है, शहरी आवास इसमें शामिल है या नहीं? मंत्री अरुण साव ने बताया कि शहरी आवास 18 लाख आवास के भीतर ही है। श्री बघेल ने कहा, पिछले आठ महीनों में एक भी आवास बनाने का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। मंत्री ने कहा, आवास बनाने का मापदंड है कि कितने मकान स्वीकृत हैं। भेजे गये प्रस्ताव की स्वीकृति के बाद नये प्रस्ताव भेजे जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, आवास योजना को नौ साल हो गये हैं। मकान बनाना खर्चीला हो गया है। क्या 2015 की स्वीकृत राशि को बढ़ाने की पहल सरकार करेगी? मंत्री अरुण साव ने इस पर कहा, सरकार इस पर विचार कर निर्णय लेगी। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि कच्चे मकान का पट्टा देना राज्य सरकार के हाथ में है। कच्चे मकान को पक्का करने का डीपीआर बनाकर केंद्र को स्वीकृत के लिए भेजा जाता है।

## खबर संक्षेप

### भूपेश बोले-बजट में छत्तीसगढ़ को झुनझुना पकड़ा दिया

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट पर प्रतिक्रिया दी है कि मोदी को अपनी सरकार बचानी है, इसलिए बिहार और आंध्र प्रदेश का ज़िक्र बजट में बार-बार हुआ। इन दो राज्यों के लिए खजाना खोल दिया गया, लेकिन शेष देश को उसके हाल पर छोड़ दिया गया। हिमाचल में आई आपदा के एक साल बाद राहत पैकेज की बात हुई, कितनी राहत मिलेगी इसका विवरण बजट में नहीं है। बजट में अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ को झुनझुना पकड़ा दिया गया। यह बजट आम लोगों को कोई राहत नहीं देने वाला है और न महंगाई से गरीबों को निजात दिला सकेगा। सबसे बड़ी बात यह कि वे भारत को विश्व शक्ति बनाने की बात करते हैं, लेकिन बजट में इसके लिए कोई प्रयास नहीं दिखता।

### 7 माह में छत्तीसगढ़ हो गया बदहाल, आज विधानसभा का घेराव



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार 7 माह में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। विष्णुदेव सरकार की विफलताओं की पूरी श्रृंखला है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। राजधानी में गोली बार हो रही है। गो तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयीं। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। कांग्रेस कानून व्यवस्था के मामले को लेकर बुधवार को विधानसभा घेराव करेगी। विधानसभा घेराव में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट सहित कांग्रेस पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश में नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने 7 माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाई। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे, सरकार बयान देने तक सीमित है। भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफिया के बीच सांठगांठ हो गयी है, रेत के कारोबार में रोज खून बहाया जा रहा है।

# कांग्रेस नेता बोले- हर वर्ग को छला | भाजपा नेताओं ने बजट को हर वर्ग के विकास वाला ऐतिहासिक बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




केंद्र सरकार के बजट को लेकर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष करण देव और अन्य नेताओं ने हर वर्ग के विकास वाला ऐतिहासिक बजट बताया है। इधर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज और कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बजट को हर वर्ग को छलने वाला निराशाजनक कहा है।

**बजट अर्थव्यवस्था के हर पहलू को छूता है : साव**

केंद्रीय बजट को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नई नौकरियों का सृजन करने वाला, निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने वाला, किसान युवा और महिला कल्याण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होने वाला बजट बताया है। श्री साव ने कहा, यह बजट अर्थव्यवस्था के हर पहलू को छूता है। एक तरफ सरकार ने बजट के आकार में ऐतिहासिक वृद्धि की है, सरकार द्वारा किए जानेवाले खर्च को बढ़ाकर लोगों की जेब में पैसे डालने का काम किया है, वहीं आधारभूत संरचना को मजबूत करने के प्रावधान करके देश में परिवहन की लागत को कम करने के ठोस उपाय किए हैं।

**विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी : विजय शर्मा**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बजट को विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में



किए गए प्रावधानों की सराहना की और इसे देश सहित प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। श्री शर्मा ने गृह विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता परियोजनाओं के लिए आवंटित राशि से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा। श्री शर्मा ने तकनीकी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों को भी सराहा।

**सभी क्षेत्र के लिए बजट ऐतिहासिक : किरण**




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, केंद्र सरकार का यह बजट सभी क्षेत्र के लिए बजट ऐतिहासिक है। यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा महिलाओं के सर्वतोमुखी विकास का एक नया अध्याय लिखेगा। श्री देव ने कहा, केंद्र सरकार ने युवाओं के रोजगार और कोशल उन्नयन में एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और नए रोजगार पर दो लाख करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ केंद्र सरकार ने युवा प्रतिभाओं की पूरी चिंता की है।

**सभी वर्गों के विकास का बजट : बृजमोहन**




रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, यह बजट, सशक्त, शक्तिशाली, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट है। इस बजट में युवा, गरीब, महिला, किसान, सभी वर्गों की चिंता की गई है। गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को आगामी 5 साल तक अनाज देने के वादे को निभाया जाएगा। कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए भी लगभग 104 नई किस्मों का ईजाद किया जाएगा और 6 करोड़ किसानों को उनकी जमीनों का मालिकाना हक देने के लिए डिजीटल डॉक्यूमेंट उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा, यह बजट, आज के परिदृश्य में शहरों के लिए, गांवों के लिए महिलाओं के लिए, नौजवानों के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए, यानि सभी वर्गों के विकास का बजट है।

**भारत की तस्वीर बदलने वाला बजट : अमित चिमनानी**



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी से अमित चिमनानी ने कहा, भारतवासियों की तकदीर और भारत की तस्वीर बदलने वाला बजट बताया है। श्री चिमनानी ने कहा यह बजट अधिक गवर्मेंट स्पेंडिंग, ज्यादा से ज्यादा कंजप्शन, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाने, निवेश के लिए संभावनाएं बेहतर करने, लोगों को डायरेक्ट बेनिफिट पहुंचाने और देश की आधारभूत संरचनाना को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाता हुआ दिख रहा है।

**युवाओं को सशक्त बनाने वाला बजट :संजय श्रीवास्तव**



भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोकसभा में प्रस्तुत बजट में युवाओं के रोजगार और कोशल उन्नयन एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और नए रोजगार पर 2 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ केंद्र सरकार ने युवा प्रतिभाओं की पूरी चिंता की है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऋण के लिए एमएसएमई के आकलन हेतु बाहरी आकलन के भरोसे रहने के बजाय अपनी इन-हाउस क्षमता का निर्माण करेगी।

**उद्योगपति, व्यापारियों के लिए अच्छा बजट : छगनलाल मूंदड़ा**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, यह बजट सर्वसमावेशी बजट है और ऐतिहासिक है। उद्योगपति, व्यापारियों के लिए बजट मैं कई राहतों की घोषणा की गई है, उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। श्री मूंदड़ा ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति लगातार नीचे बनी हुई है और चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।

**जनता को निराश करने वाला : दीपक बैज**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोदी सरकार का बजट देश की जनता को निराश करने वाला है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने वाला है। बजट में निम्न, मध्यम वर्ग पर भार डाला गया है। पुराने टैक्स रीजिम में पिछले 10 वर्षों से आयकर छूट की सीमा वहीं की वहीं है। 80 सी और 80 डी की लिमिट भी यथावत है। मकान के लिए ऋण की छट भी नहीं बढ़ी। यदि 50 हजार रुपए भी महिना कमा रहे है तो 5 प्रतिशत टैक्स देना होगा। नए टैक्स स्लेब के अनुसार लगभग पूरे निम्न, मध्यम आय वर्ग से कर वसूला जाएगा। मोदी का चुनाव में वादा 4 करोड़ मकान बनाने का था लेकिन बजट में सिर्फ 1 करोड़ मकान के लिए प्रावधान किया है। जनता को ठगने का काम शुरू हो गया।

**सभी वर्ग को छला : सुशील आनंद**



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, मोदी सरकार के बजट से गरीब, युवा किसान, मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा, महिला सभी छले गए हैं। इस बजट में रोजगार, कृषि और लघु उद्योगों के लिए कुछ भी नहीं है। बजट में सुदृढ़ भारत का रोड मैप कहीं भी नहीं दिख रहा है बजट में महंगाई कम करने के बारे में वित्तमंत्री ने कोई प्रावधान नहीं किया है। गरीब, मध्यम वर्ग को महंगाई से राहत नहीं मिली है, उल्टे इस बजट में निम्न मध्यम वर्ग को भी आयकर के दायरे में ला दिया गया है। बजट देने के लिए जनता से वसूलने के लिए बनाया गया है।

# आम आदमी को राहत देने वाला बजट : जैसिंघ



रायपुर। बीजेपी रायपुर के जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बहुत धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पेश किया गया बजट सभी वर्ग के लिए कुछ न कुछ लाया है, जिसमें प्रमुख रूप से 3 लाख तक इनकम टैक्स में छूट प्रदान की गई। जैसे एजुकेशन लोन पर बड़ी राहत दी गई, मुद्रा लोन युवावर्ग के लिए 20 लाख तक कर दिया गया। मोबाइल फोन सस्ते कर दिए, जिसका सबसे ज्यादा उपयोग होता है, ये बजट मोदीजी का मास्टर स्ट्रोक है।

## केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा : जनता कांग्रेस

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा मंगलवार मोदी 3.0 के प्रस्तुत 7वें बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा, इस बजट में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा हुई है। पूरे बजट भाषण में वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ का एक बार भी जिक्र नहीं किया, बल्कि बजट केवल 2 राज्यों पर ही केंद्रित रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य हिस्सों को सिर्फ लॉलीपॉप मिला है।



## बजट में हर वर्ग की चिंता : छुगानी

भाजपा रायपुर जिले के व्यापार प्रकोष्ठ के



जिलाध्यक्ष सतीश छुगानी ने बजट को संतोषप्रद बताते हुए कहा कि इस बजट में हर वर्ग की चिंता की गई है और अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास की ओर कदम बढ़ते दिखाई देते हैं। कुल मिलाकर इसे अंत्योदय बजट कह सकते हैं।

## नई श्रेणी के लिए बदल दिए कर स्लैब : गोस्वामी



आईसीएमएआई-डब्ल्यूआईआरसी के उपाध्यक्ष अरिंदम गोस्वामी ने कहा है कि इस बजट से मध्यम वर्ग के लिए आयकर के लिए मानक कटौती 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार कर दी गई है और नई श्रेणी के लिए कर स्लैब बदल दिए गए हैं, जिससे 17 हजार 500 तक की बचत हो सकती है। साथ ही सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क में कमी की गई है। सोने के लिए शुल्क 6 प्रतिशत तक कम किया गया है। उन्होंने बताया कि एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पीएम आवास योजना-अर्बन में 10 लाख करोड़ का निवेश, 100 बड़े शहरों में जल आपूर्ति, सीवेज उपचार और ठोस कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

## एक वर्ष तक प्रतिमाह 5 हजार रुपए देने का निर्णय अभूतपूर्व, विपक्ष ने बताया निराशाजनक

# युवाओं के लिए नई ऊर्जा का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के पूर्व सदस्य एवं शिक्षाविद संजय जोशी ने भारत सरकार के बजट को शैक्षणिक गुणवत्ता एवं युवाओं के लिए एक उपयोगी और सार्थक बजट बताया है। श्री जोशी ने कहा कि प्रतिवर्ष 5 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के लिए एक वर्ष तक



प्रतिमाह 5 हजार रुपए देने का अभूतपूर्व निर्णय शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों में आकर्षण एवं उन्हें स्किल्ड बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। 3% ब्याज में छूट के साथ 10 लाख तक उच्च शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन की घोषणा विद्यार्थियों को राहत प्रदान करेगी। देश के सभी आईटीआई को आधुनिक बनाने की घोषणा आज के समय की आवश्यकता पूरी करने एवं युवाओं को रोजगार के नए अवसर देगी। वर्ष 2023 में एजुकेशन सेक्टर में 1.12 लाख करोड़ के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए इस वर्ष 2024 में इसे 1.48 लाख करोड़ करना केंद्र सरकार की एजुकेशन के प्रति इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करता है।

## एक प्रतिगामी और संकुचनकारी बजट : माकपा

माकपा छत्तीसगढ़ राज्य समिति ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बेरोजगारी के उच्च स्तर, उच्च खाद्य मुद्रास्फीति दर, असमानताओं में अभूतपूर्व वृद्धि और निजी निवेश में मंदी की आर्थिक वास्तविकताओं के संदर्भ में, बजट को आर्थिक गतिविधियों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। इसके बजाय, इसके प्रस्ताव संकुचनकारी और प्रतिगामी हैं। इससे लोगों पर केवल और अधिक मुसीबतें आएंगी और निवेश तथा रोजगार सृजन का स्तर गिरेगा। उन्होंने बताया, बजट के आंकड़े बताते हैं कि सरकार की राजस्व कमाई 14.5 फीसदी बढ़ी, जबकि खर्च सिर्फ 5.94 फीसदी बढ़ा। आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के लिए इस राजस्व का उपयोग करने के बजाय, इसका उपयोग राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.8 प्रतिशत से 4.9 प्रतिशत तक कम करने, अंतर्राष्ट्रीय वित्त पूंजी को खुश करने के लिए किया गया है।

## कैंसर मरीजों को होगा लाभ : डॉ. शुक्ला

शासकीय आयुर्वेद कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय शुक्ला ने कहा कि केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है, जैसी है। देश में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या के



लिहाज से यह बजट इस रोग से पीड़ित रोगियों के लिए राहत भरा है। नए बजट में कैंसर और तीन दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाने से इनकी कीमतें कम होंगी, जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा। इसके अलावा एक्स-रे सहित अन्य मेडिकल मशीनों पर कस्टम ड्यूटी के स्लैब में बदलाव करने की घोषणा से भी इलाज के खर्च में कमी आने की उम्मीद है। अलबत्ता देश में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था तथा संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों के बढ़ते मरीजों के लिहाज से इस बजट में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र को कम आवंटन मिला है, जिसे और बढ़ाने की जरूरत थी।

## महिलाओं के लिए निराशाजनक बजट : वंदना

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, बजट से महिलाओं को हर बार की तरह इस बार भी बजट में निराशा हाथ लगी। महिलाओं को बजट से बहुत ही उम्मीद थी कि एक महिला वित्त मंत्री है जो



महिलाओं की परेशानी को समझ कर बजट पेश करेगी, लेकिन यह अनुमान हर बार की तरह इस बार भी गलत निकला। इस बजट में महंगाई से कोई राहत नहीं। महिलाओं को लग रहा था कि खाने-पीने की वस्तुओं में पहली बार यदि कोई सरकार जीएसटी लगाया था, जिसके कारण खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं। महिलाओं के रसोई में संकट छाया हुआ है। आज गरीब के थाली से दाल गायब हो रही है। सब्जी गायब हो रहा है। आज भरपेट भोजन देने के लिए अपने परिवार के पालन पोषण के लिए महिलाओं की माथे पर चिंता की लकीरें छाई हुई है लेकिन इस बजट में महंगाई से राहत देने के लिए कोई भी आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं। यह बजट सिर्फ दिखावे की बजट है।

## बजट उत्साहवर्धक, आमजन के लिए : टंडन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन प्रदीप टंडन ने बताया कि बजट बहुत उत्साहवर्धक और आम जनता के लिए है। यह विशेष रूप से मध्यम वर्ग की अधिक भागीदारी के साथ अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ निर्माण में मदद करेगा, जिसकी संख्या काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, दूरसंचार और उच्च तकनीक वाले



इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण 25 खनिजों जैसे लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर सीमा शुल्क में पूर्ण छूट ऊर्जा संक्रमण को वांछित बढ़ावा देगी। बिजली भंडारण के लिए पंप स्टोरेज परियोजनाओं को बढ़ावा देने और समग्र ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी के सुचारू एकीकरण की सुविधा के लिए नीति लाने की घोषणा देश को विनिर्माण क्षेत्र द्वारा आवश्यक हरित प्रभाव में आगे ले जाएगी। तैयार माल संयंत्र के लिए उच्च श्रेणी के इस्पात और अन्य उन्नत धातुकर्म सामग्री के उत्पादन के लिए स्वदेशी क्षमता के विकास की घोषणा से अर्थव्यवस्था को मजबूत लाभ होगा, हालांकि, अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर कर में 15% से 20% और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर 10% से 12.5% की वृद्धि सेवा वर्ग के लिए निराशाजनक है, जो म्यूचुअल फंड में निवेश करता है और सेवानिवृत्ति के बाद खुशहाल जीवन के लिए बचत करता है।

10

गुजरात, जयपुर व उल्लासनगर से मंगा ...

## सिटी इवेंट

## छग राइडर्स मीट : जुटेंगे 4 राज्यों के 500 एक्सपर्ट बाइक राइडर्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब की ओर से 4 अगस्त रविवार को "छत्तीसगढ़ राइडर्स मीट" का विराट आयोजन किया गया है। एयरपोर्ट रोड गोल्डन शॉट के पास होने वाले इस इवेंट में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के 500 से अधिक राइडर्स हिस्सा लेंगे। प्रदेश में पहली बार हो रहा है। सभी क्लब व बाइकिंग कम्युनिटी को एक मंच पर लाने यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रोड सेफ्टी के प्रति सभी को जागरूक करना है। इवेंट का समय सुबह 11 से रात 10 बजे तक रखा गया है। क्लब के अमीत बघेल ने बताया कि कार्यक्रम में यातायात विभाग से विशेषज्ञ यातायात नियमों की जानकारी भी देंगे।

### लाइव म्यूजिक शो और डीजे नाइट

इवेंट में मनोरंजन के लिए कई कार्यक्रम भी रखे गए हैं। छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब का 2020 में गठन हुआ था। क्लब में 125 से ज्यादा सदस्य हैं। इस संगठन ने अब तक बहुत सी राइड की है, जो प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों के पर्यटन स्थलों तक भी की गई है। कार्यक्रम स्थल पर ऑफ रोडिंग ट्रैक भी बनाए गए हैं, जो राइडर्स को रोमांच देंगे। इसके अलावा एक लाइव म्यूजिक शो होगा और आखरी में डीजे नाइट रखा गया है। इवेंट में फूड और शॉपिंग के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। वन विभाग और पर्यटन विभाग के भी स्टॉल होंगे, जो अपने-अपने विभाग की जानकारी देंगे।




## कैंपस इवेंट

## अच्छा मानसिक स्वास्थ्य ही मानव खुशी का मुख्य कारक



**रायपुर।** एनआईटी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के शिक्षकों, पीएचडी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों, हॉस्टल वार्डन, स्टाफ सदस्यों, सुरक्षा गार्ड और वर्कर्स के लिए आयोजित किया गया। सत्र की वक्ता संस्थान की काउंसलर डॉ. हिना चावड़ा रहीं। निदेशक डॉ. एन.वी. रमना राव ने मेंटल वेलबीइंग के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हर किसी को खुश करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न उच्च संस्थानों के विद्यार्थी मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, इसलिए इस क्षेत्र में निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि अच्छा मानसिक स्वास्थ मानसिक चुनौतियों से निपटने में मदद करता है, और साथियों और परिवार के साथ अच्छे संबंध बनाने में मदद करता है। डॉ. हिना चावड़ा ने कहा कि हमने मनुष्य के सुखी-दुखी होने के नियमों को नहीं समझा, इसलिए मनुष्य के जीवन में मानसिक समस्याएं नजर आती हैं।

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकारगण श्री विष्णु, गिरधर भुलऊ, कोमलचंद, डेहरिन बाई, ताराबाई व तोरण बाई सभी पिता स्व. अंजोर सिंग सभी निवासी ग्राम व पोस्ट सेजबहार, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त परिवार की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम सेजबहार, प.ह.नं. 82, रा.नि.म. 18 कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं.- 370/1 रकबा 0.0160 हे, ख.नं. 371 रकबा 0.0770 हे., ख.नं. 464/2 रकबा 0.1010 हे. ख.नं. 464/3 रकबा 1.7400 हे. कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 2.0800 हेक्टेयर है।

इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति संयुक्त स्वामित्व की संपत्ति है, इसमें बटवारे की कार्यवाही शेष है, जब तक बटवारे की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती है, तब तक कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण आदि क्रय-विक्रय, रहन-गहन, बय बख्शीस आदि का संव्यवहार न करें यदि कोई उक्त संपत्ति / भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय, संव्यवहार आदि करता है तो वह अवैध व शून्य माना व समझा जावेगा, तथा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं रहेंगे, तथा मेरा पक्षकारगण ऐसा कोई संव्यवहार करने वाले के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करेंगे, जिसके समस्त हर्जे व खर्चे की जवाबदारी क्रय-विक्रय करने वाले की होगी।

सो सूचना जाने।
भवदीय
गनपत राम यादव
नोटरी अधिवक्ता सेक्टर-1, सड़क नं.-1,
प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
मोबा. नं. 94252 11642, 88274 12400

### अमरकंटक से भोरमदेव तक विशेष व्यवस्था

**रायपुर।** पवित्र सावन माह के आगमन के साथ ही शिवभक्तों द्वारा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की 150 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर इस यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि यात्रा में भक्तगणों को दिक्कत न हो। कांवड़ियों के लिए 15 से अधिक स्थानों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पेट्रोलिंग के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें 4 पुलिस पेट्रोलिंग टीमें और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की ड्यूटी शामिल है। कांवड़ियों के लिए यात्रा के दौरान 20 से अधिक स्थानों पर ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था है। भोजन में दाल-भात, सब्जी, मीठा जैसे खीर, पुड़ी और हलवा शामिल हैं।

● संस्कृति विभाग का 'आकार' प्रशिक्षण शिविर : बच्चों संग पैरेंट्स भी पहुंच रहे

# बुजुर्गों की बांस शिल्प, मूर्तिकला व मधुबनी आर्ट में दिलचस्पी युवा पैरा संग रस्सी की मदद से उकेर रहे परंपरागत आकृतियां



### पेंटिंग में बीत रहा बच्चों का समय

आकार में बच्चे अपनी कला को रोजाना निखार रहे हैं। इन दिनों बच्चों का ज्यादा समय पेंटिंग में बीत रहा है। वहीं युवा कैनवास पेंटिंग के साथ पैरा और रस्सी की मदद से विभिन्न आकृति बना रहे हैं। प्रतिभागियों की कलाकारी को बेहतर करने एक्सपर्ट उन्हें टिप्स दे रहे हैं। इसके अलावा गलतियों से भी अवगत कराया जा रहा है, ताकि कला और आकर्षक रूप दिया जा सके। बुजुर्गों में बांस शिल्प व मूर्तिकला, चित्रकला, मधुबनी आर्ट को लेकर दिलचस्पी अधिक बताई जा रही है। बच्चे के साथ अभिभावक भी पारंपरिक कला सीख रहे हैं।

> प्राचीन शिल्प कला से युवाओं को जोड़ने संस्कृति विभाग की ओर से महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में आकार पारंपरिक कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। आमतौर पर यह आयोजन गर्मी के समय में होता है, लेकिन विभाग ने लोकसभा चुनाव के कारण पहली बार जुलाई में इसे रखा।





**रायपुर।** प्रशिक्षण में कला सीखने को लेकर युवाओं और बुजुर्गों में उत्साह पहले की तरह नजर आ रहा है। यहां 18 विधाओं में प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से दिया जा रहा है। नई कला सीखने बड़ी संख्या स्कूली बच्चे भी पहुंच रहे हैं। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने बताया कि स्कूल से घर लौटने के बाद रोजाना 2 से 3 घंटे वॉटर पेंटिंग, ग्लास पेंटिंग, गोदना आर्ट समेत पैरा आर्ट, टेराकोटा की कला सीखने में बिता रहे हैं। प्रशिक्षण शाम 4 से 7 बजे तक होने से कॉलेज के स्टूडेंट्स भी कला विभिन्न विधा को करीब से समझने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। बारिश के बीच भी बच्चे अभिभावकों के साथ पहुंच रहे हैं। छोटे बच्चों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### जानिए... किस विधा का प्रशिक्षण किसके द्वारा

- चित्रकला, गोदना आर्ट- राकेश पुजारी
- मधुबनी आर्ट, पटचित्र- जयश्री भगवानानी
- बस्तर आर्ट, ग्लास पेंटिंग- अनुपन सिंह
- जूट ज्वेलरी, शिल्प-कला, वुडन ट्राइबल आर्ट- डॉ.शुभा मिश्रा
- लप्पन आर्ट, मंडाला आर्ट- प्रज्ञा बिंदल
- स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग-डॉली बदलानी
- क्ले आर्ट- दिशा अग्रवाल
- भरथली, करमा नृत्य- रेखा जलक्षत्री
- बस्तर नृत्य- उमेश निर्मलकर
- म्यूरल आर्ट,पेपर मेसी- कविता राठौर
- पैरा आर्ट, बांस आर्ट- चूड़ामणि सूर्यवंशी



### आदिवासी आर्ट सीखने दिलचस्पी अधिक



आदिवासी संस्कृति से जुड़े आर्ट का प्रशिक्षण दिया रहा है, जिसमें कलात्मक व सजावटी वस्तुएं बांस से तैयार की जा रही हैं। सरगुजा के पारंपरिक गोदना आर्ट से भी अवगत करा रहे हैं। प्रशिक्षक ने बताया कि आदिवासी आर्ट के साथ वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण बस्तर के आदिवासियों द्वारा दिया जा रहा है। नाटक, फोक डांस, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोबर आर्ट, वारली आर्ट, पिछवाई आर्ट, सेंड आर्ट, मंडला आर्ट, मांदना आर्ट, गोंड आर्ट, सौरा आर्ट, स्केच पेंटिंग, कैनवास पेंटिंग, बोनसाई आर्ट, वाद्य-यंत्र प्रशिक्षण एवं मेंकिंग विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद समापन के दिन प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कलाकृतियों एवं सामानों को परिसर में प्रदर्शित करने के साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।



### भरथरी गायन सीखने रायगढ़ और बालोद से पहुंचे युवा

प्रशिक्षण में शिल्प कला के साथ गायन और नृत्य की विधा भी सिखाई जा रही है, जिसमें भरथरी गायन को सीखने रायगढ़ और बालोद जिले से भी युवा पहुंचे हैं। उनका कहना है कि पंडवानी की तरह छत्तीसगढ़ के लोक गाथा में भरथरी गायन शैली भी सबसे अलग है। छत्तीसगढ़ी भरथरी गीत शैली आसानी से सीखने को नहीं मिलती है। प्रशिक्षण के जरिए यह दुर्लभ लोक शैली सिखाई जा रही है, जिससे जुड़ने के लिए विशेष रूप से राजधानी युवा पहुंच रहे हैं। गायन विशेषज्ञों द्वारा वादन यंत्रों के जरिए इस कला की विशेषता बताई और सिखाई जा रही है।



## पेपर, मिट्टी, क्ले और बोर्ड से बनाया मॉडल, बताए पानी बचाने के तरीके

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के चार पूर्ण होने के अवसर पर 'शिक्षा सप्ताह' का आयोजन किया गया। यह आयोजन अमलीडीह स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में किया गया।*

**रायपुर।** सात दिवसीय कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें आठवीं व छठवीं कक्षा की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में 20 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया, साथ ही कई आकर्षक मॉडल तैयार किया। जिसे रंग-बिरंगे कलर, पेपर, मिट्टी, क्ले, बोर्ड द्वारा तैयार किया गया।

### हैंडमेड वस्तुओं की लगाई प्रदर्शनी

प्रदर्शनी में आठवीं कक्षा से झमेन्द्र साहू ने पर्यावरण का मॉडल, यासना साहू ने जल संरक्षण का मॉडल और शौर्य देवांगन ने सौर मंडल का मॉडल बनाया। इसके साथ ही छठवीं कक्षा से विधि सावले ने वॉटर रिसाइकिलिंग का मॉडल प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णयक के रुप में एपीसी राजकुमार चाफेकर उपस्थित रहे। साथ ही अनिल कुमार दुबे, मोनिका सोनी, रजनी कुशवाह ने छात्रों व शिक्षकों को मॉडल की जानकारी दी। इस दौरान कुछ छात्रों ने हैंडमेड सजावटी वस्तुओं की भी प्रदर्शनी लगाई।

## मोबाइल एडिक्शन युवा पैरेंट्स की लापरवाही, रात में नहीं आ रही नींद

### मोबाइल एडिक्शन से बचाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर।** बच्चों में मोबाइल एडिक्शन को हम युवा पैरेंट्स की लापरवाही कहें या समय की जरूरत, दोनों ही स्थिति में नुकसान सिर्फ बच्चों का है। इन दिनों छोटी उम्र में बच्चों को मोबाइल की ऐसी लत लग गई है कि उन्हें रात में नींद नहीं आती है। वहीं सुबह उन्हें उठाने के लिए अभिभावकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इससे बचने के लिए हमें रात को भोजन के बाद मोबाइल नहीं देखने की आदत डालनी होगी। जो लोग रात में मोबाइल देख भी रहे हैं, वो कमरे की लाइट बंद करके तो मोबाइल बिल्कुल न देखें। उक्त बातें डा. चंद्रकांत वाघ ने कार्यशाला में संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के बच्चों से कही।



### उचित माध्यम से हो प्रश्नों का समाधान

*किशोरावस्था में बच्चों के मन में बहुत सारे प्रश्नों का जन्म होता है। उनकी जिज्ञासाओं को शांत करना और सही दिशा प्रदान करना बेहद आवश्यक होता है। ऐसे में बच्चों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला विद्यालय में आयोजित की गई। इसमें महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद डॉ. चंद्रकात वाघ ने बच्चों की जिज्ञासाओं को सरलता के साथ शांत किया। एक छात्र ने रात में नींद नहीं आने की बात कहीं। इस पर डॉ. वाघ ने कहा कि रात में नींद नहीं आने का सबसे बड़ा कारण मोबाइल का एडिक्शन है। वहीं एक छात्र के सही और स्वास्थ्यवर्धक डाइट को लेकर सवाल पर डॉ. वाघ ने बच्चों को नशे से दूर रहने और नशे की बुरी प्रवृत्तियों के बारे में भी जागरूक किया। इससे पूर्व स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन और उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार ने डा. बाघ का सूतमाला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में अनेक बच्चों के साथ शिक्षिकों की उपस्थिति रही। मोबाइल प्रयोग के कारण होने वानी अन्य दिक्कतों के बारे में भी कार्यशाला में विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को बताया गया कि किस तरह से मोबाइल की लत से दूर रहा जा सकता है। वक्ताओं और शिक्षकों ने बच्चों को मोबाइल से यथासंभव दूर रहने की सीख देते हुए अधिक से अधिक किताबें पढ़ने प्रेरित किया।*

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from
• other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Highlight
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
● Extra curricular activities ● Personal attention to each student Limited student in each class ● Music, Dance, personality development classes ● Yoga
● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) 0771-4913336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com

## बजट 2024

### मल्टीनेशनल कंपनियों में इंटर्नशिप अच्छी पहल



केंद्रीय बजट में रोजगार के लिए तीन प्रमुख योजनाओं पर काम करने का भी ऐलान किया गया। मल्टीनेशनल कंपनियों में युवाओं को पांच साल इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगी, साथ ही आर्थिक सुविधा भी उपलब्ध कराया जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से कवर करेगी। इस योजना से युवाओं को अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, साथ ही युवाओं का कौशल विकास होगा। - **निष्ठा बघेल**, बीकॉम तृतीय वर्ष

### रोजगार सृजन की कोशिश



रोजगार सृजन के लिए 2 लाख करोड़ रुपए, शहरी आवास के लिए 10 लाख करोड़ और कृषि के लिए 1.52 लाख करोड़ की घोषणा की गई है। 60 लाख नए रोजगार सृजन के लिए उत्पादन से जुड़े 14 क्षेत्र में प्रोत्साहन योजना को बजट में महत्वपूर्ण बिंदू के रुप से पेश किया गया। किसान व मध्यमवर्गीय परिवार के विकास पर कार्य फायदेमंद नजर आ रहा है। मध्यमवर्गीय परिवार को लाभ की उम्मीद है।
- **डॉ.विवेक कुमार शर्मा**, सहायक प्राध्यापक

### स्वरोजगार की दिशा में कार्य



मेरे अनुसार यह प्रथम वर्ष है, जिसमें सरकार ने बजट को पूर्णरूप से युवाओं के लिए तैयार किया है। जिसमें युवाओं के रोजगार,कौशल विकास,नवाचार की भावना एवं अनुसंधान के क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया। यह बजट स्वरोजगार और नेतृत्व की दिशा में गुणवत्ता व उत्कृष्टता पर कार्य करेगा। - **तामेश्वर चंद्रवंशी**, कॉलेज छात्र

### अनुसंधान पर जोर



बजट में 9 प्रमुख विषयों पर जोर दिया गया है। इमसें उत्पादकता, रोजगार एवं कौशल, उत्पादन व सेवा, समाजिक न्याय, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, अधोसंरचना, नवाचार व अनुसंधान शामिल है। महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थियों के पास रोजगार के अधिक अवसर होंगे। युवाओं को अपनी योग्यता के अनुसार काम ढूंढने में आसानी होगी।
- **निधी शुक्ला**, सहायक प्राध्यापक

### संतोषजनक बजट



सांतवा केंद्रिय बजट आम जनता के लिए संतोष जनक रहा। जिसमें युवाओं के रोजगार पर अधिक जोर दिया गया है। रोजगार से संबंधित पांच योजनाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपए केंद्रीय परिव्यय की घोषणा की गई है, जिससे देश को युवाओं को अधिक लाभ होगा।
- डॉ. आराधना शुक्ला

### बाजार को पहुंचेगा फायदा



बजट में रोजगार, परिवहन एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए कुछ चीजें लाई गई हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट सुलझा हुआ है। जब युवाओं को रोजगार मिलेगा तो व्यापारियों के बाजार को भी सीधा फायदा होगा।
- **अजय अग्रवाल**, आलू-प्याज संघ भनपुरी अध्यक्ष

### गरीबों के सपने अब होंगे पूरे



ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी ढांचा के विकास,स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के साथ 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाने का प्रावधान शामिल कर केंद्र सरकार ने भारत के गरीबों के आवास के सपने को पूरा करने का कार्य किया है। लाख करोड़ का महिला सशक्तिकरण का प्रावधान कर केंद्र सरकार ने देश की नारी शक्ति का वंदन किया है।
- **राजकुमार राठी**, अध्यक्ष व्यापारी संघ, अवंती विहार

### किसानों के लिए कुछ नई सीख



यह बजट किसानों के लिए कुछ नई सीख का संदेश लेकर आया है। आबादी बढ़ने के साथ खेती का रकबा कम हो रहा है। इसलिए मेरे जैसे लोग फार्मिंग अपना रहे हैं। सरकार ने उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल किस्मों के विकास को बढ़ावा देने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की बात कही है। खेतीबाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की 109 उच्च पैदावार वाली किस्में जारी होने से खेती लाभदायक साबित होगी। - **संस्कार श्रीवास्तव**, किसान

### सस्ती होगी एक्स-रे जांच



कैंसर की दवाओं, एक्स-रे एवं उसके काल पुर्जो पर कस्टम ड्यूटी जीरो करने का स्वागत है। उक्त दवाओं की कस्टम ड्यूटी जीरो करने से कैंसर का इलाज सस्ता होगा। एक्स-रे जांच सस्ती होगी। सभी प्रकार की दवाओं पर "जीएसटी कर" में एकरूपता लायी जाए, क्योंकि दवाओं पर 0% से 18% तक कर लिया जा रहा है, जिसके महंगी दवा खरीदना मजबूरी हो गई है।
-**अश्विनी विग**, उपाध्यक्ष, जिला दवा विक्रेता संघ

---

● महिला व्यवसायियों ने लगाया सावन मेला, यहां सभी चीजें हस्त निर्मित

# गुजरात, जयपुर व उल्लासनगर से मंगा रहे रत्न, इनकी मदद से परिधानों के अनुसार कस्टमाइज किए जा रहे आभूषण

**सावन माह के प्रारंभ होते ही महिला सगंठनों द्वारा सावन उत्सव और मेले का आयोजन प्रारंभ हो गया है। इस कड़ी में संगीनी महिला मंडल द्वारा दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सावन, राखी, फ्रेंडशिप डे और जन्माष्टमी पूजन संबंधित स्टॉल सजाए गए।**

**रायपुर**। प्रदर्शनी के दौरान लघु व्यापारियों एवं महिलाओं को स्टॉल लगाने का अवसर दिया गया। इसके माध्यम से कोशिश की गई कि घर से ही व्यवसाय करने वाली महिलाओं और छोटे व्यापारियों को मौका दिया जा सके। आने वाले सभी त्योहारों संबंधित सामग्री एक ही जगह उपलब्ध होने के कारण इसे महिलाओं का अच्छा प्रतिसाद मिला। मंडल अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने बताया, आने वाले दिनों में राखी, जन्माष्टमी सहित कई पर्व मनाए जाएंगे। जिसके चलते स्टॉल सजाए गए हैं। प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केंद्र हैंड मेड राखी व फ्रेंडशिप बैंड के स्टॉल रहे। इस वर्ष राखी व फ्रेंडशिप बैंड को ब्रेसलेट के आकार में सजाया गया है, जिससे लोग त्यौहार के बाद भी कैरी कर सकते हैं। इस दौरान कुछ खरीदारों ने कस्टमाइज रुप से ब्रेसलेट तैयार किया, जिसमें ड्रेस व मनपसंद रंग के अनुसार तुरंत बनाकर दिया गया। विक्रेताओं के अनुसार कुंदन वर्क की राखी लोगों की पहली पसंद है, जहां लोग अपने लुंबा के साथ-साथ जोड़ी में राखी खरीद रहे हैं।

### कुंदन वर्क का प्रयोग सर्वाधिक





*आयुषी आमेसर ने बताया, हर साल खरीदारों को नए डिजाइन के साथ राखी पसंद आती है। इस वर्ष कुंदन वर्क में राखी डिजाइन की गई है, जिसमें अनेक रंग के स्टोन का वर्क किया गया है। गुजरात, जयपुर व उल्लासनगर से राखी बनाने की वस्तुएं मंगाई जाती है। इसकी कीमत 150 रुपए से शुरु है।*





### आकर्षण का केंद्र थ्रीडी राखी

महिला व्यवसायी सौम्या पामनानी व कंचन देवानी ने बताया, स्टॉल में हैंड मेड वस्तुएं मौजूद हैं। इसमें बच्चे, बैचलर व महिलाओं के लिए ज्वेलरी शामिल है, जिसमें नेकलेस, इयररिंग, अंगूठी, चूड़ी, झुमका, मांगटीका, साड़ी पिन, ब्रेसलेट, बेसलेट घड़ी, हेयर बैंड, क्लीप, चश्मा उपलब्ध है। सभी ज्वेलरी हैंडमेड है, जिसमें फ्रेंडशिप बैंड व थ्रीडी राखी आकर्षण का केंद्र है। बैचलर गर्ल्स के लिए ब्रेसलेट व बच्चों के लिए नाम वाली राखी, चश्मा व हेयर बैंड शामिल हैं। कुंदन व पोलकी की हैंडमेड ज्वेलरी सेट लोग बहुत पसंद कर रहे हैं, जिसे ड्रेस के अनुसार कस्टमाइज किया जाता है। इसे कौड़ी, स्टोन, जरी, पोल्की, कुंदन, मोती जैसे कई वस्तुओं से तैयार किया गया। ज्वेलरी की कीमत 100 रुपए से शुरु होकर आकार के अनुसार तय है।

### हैंडमेड लुंबा व राखी

मोना रावत ने बताया, राखी एवं फ्रेंडशिप बैंड दुकान में मौजूद है। वर्तमान में खरीदारों की पहली पसंद हैंडमेड वस्तुएं हैं, जिसे लोग अधिक पसंद करते हैं। हैंडमेड राखी, लुंबा का सेट व फ्रेंडशिप बैंड का सेट लाया गया है। इस वर्ष हैंब मेड लुंबा डिजाइन किया गया है, जिसे राखी के बाद की-रिंग की तरह उपयोग में लाया जा सकता है। खरीदारों की पहली पसंद राखी व लुंबा का सेट है, जिसे कुंदन, जरी, मोती, स्टोन, रंग-बिरंगे धागे, ब्लेक स्टोन जैसे कई वस्तुओं के साथ तैयार किया गया है। जिसकी कीमत 30 रुपए से शुरु होकर 200 रुपए तक है।

---







### रेनी-डे ...

रायपुर। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने शहर का माहौल खुशनुमा कर दिया है। खासकर बच्चे और युवा इस मौसम का जमकर लुत्फ ले रहे हैं। नजारे महादेव घाट सहित शहर के अलग-अलग हिस्सों के...।

# धर्मशालाओं को 5 स्टार होटल बनाना गलत

## मोक्ष प्राप्त करने के लिए चुनें सरलता का मार्ग

**रायपुर**। दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के चौथे दिन मंगलवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि ने कहा कि आज लोगों को कश्मीर देखने का मन है, स्विटजरलैंड घूमने जाना है, परंतु आपको वहां भी सुख नहीं मिलेगा। आप चार दिन वहां गुजारोगे तो फिर आपका मन घर वापसी को लगा रहेगा। वैसे भी यह जीवन हमें ठहरने के लिए मिला है, घूमने के लिए नहीं। आज धर्मशालाओं को 5 स्टार होटल के रूप में विकसित किया जा रहा है, यह गलत है। हमें मोक्ष प्राप्त करना है और मोक्ष प्राप्त करने के लिए हमें किसी कठिन रास्ते से नहीं बल्कि सरलता के रास्ते पर चलना है। उन्होंने आगे कहा कि पारदर्शिता के साथ सरल जीवन जियोगे तो मोक्ष का रास्ता आसान हो जाएगा। लोग आज दोहरा जीवन जीने लगे हैं। अपने सुख के लिए बहुत सारा धन खर्च करते हैं और गरीबों से मोलभाव करते हैं। लोग टीवी पर दूसरों की बहन-बेटियों को देखते हैं और खुद की पत्नी को अगर कोई देख ले तो उनसे यह बर्दाश्त नहीं होता। यही दोहरा चरित्र है, अंदर से कुछ और बाहर से कुछ और। आप आज इसे छोड़ नहीं पा रहे हो, यह ठीक नहीं है।



### जिनवाणी सुनने मात्र से जीवन में बदलाव

एक प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया, एक श्रावक के बेटे की नई-नई शादी हुई थी। घर में बहु आई और घर के कामों में हाथ बंटाने लग गई। समय बीतता गया और कुछ दिनों बाद बहु का काम में मन न लगता था। सास ने पूछा, क्या बात है? यह बात उनकी बेटी ने सुनी और मां को बताया कि भैया आज-कल शराब पीने लग गए हैं। सास ने कहा, आज दरवाजा मैं खोलूंगी। रात को 12-1 बजे बेटा आता है और दरवाजा खटखटाता है। दरवाजे के उस पार से बुलंद आवाज में मां कहती है कौन है? इतने में ही बेटे का पूरा नशा उतर जाता है। मां कहती हैं, यह श्रावक का घर है और यह दरवाजा 9 बजे बंद हो जाता है फिर किसी के लिए नहीं खुलता। अब तुम यहां से जाओ, जो दरवाजा खुला मिले वहां चले जाओ। कुछ देर श्रावकों की बात सुनकर उसका मन बदल जाता है और वह अब कभी घर नहीं जाता, अब उपाश्रय में ही गुरू की छत्रछाया में रहने लगता है और आध्यात्म जीवन को अपना लेता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

Trust of 44 Years
बलदेव फर्नीचर
Exclusive Furniture Showroom
मानसून ऑफर स्पेशल डिस्काउंट
डाइनिंग सेट
New Range Available
फर्नीचर की उत्कृष्ट श्रृंखला
गुरूनानक चौक एवं जनक बाड़ा, रायपुर 0771-4047333, 6262156666

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

ALLFINE
ए-वन मोटर्स
इ- रिक्शॉ एवं इ-कार्गो
रायपुर में पहली बार
200 Km. माइलेज के साथ ई-रिक्शा
डाउनपेमेंट 25000 से शुरू
RAJHANS
देशबंधु प्रेस के सामने, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.) 98271 92369, 90099 77768

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड •GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट •MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE •फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## निधन

### बिंदा बाई निर्मलकर



रायपुर। ग्राम धरमपुरा माना कैंप निवासी बिंदा बाई निर्मलकर (80) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार धरमपुरा मुक्तिधाम में किया गया। वे नीलू निर्मलकर की माता थीं। उनके निधन पर धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित धरमलाल निर्मलकर, जगमोहन निर्मलकर आदि ने श्रद्धांजलि दी है।

### गिरवरलाल नायक



रायपुर। तिल्दा क्षेत्र के ग्राम भूरसुदा निवासी गिरवरलाल नायक का 23 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके गृहग्राम में किया जाएगा। वे भूपेंद्र नायक के पिता थे।

### अमरीदेवी बरड़िया



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी अमरीदेवी बरड़िया (70) का 23 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सुरेशचंद बरड़िया की पत्नी और प्रियदर्शी विजय महाराज और पंकज की माता थीं।

### सुनील भारद्वाज



रायपुर। हीरापुर निवासी सुनील भारद्वाज (63) का 23 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे शैलेंद्र, रविंद्र, गीतांजलि भारद्वाज के पिता थे।

### सुरीदेवी नत्थानी



रायपुर। रामनगर निवासी सुरी देवी नत्थानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक नत्थानी की माता थीं।

### हज्जन मरियम बी



रायपुर। हज्जन मरियम बी. का निधन हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक किया गया। वे हाजी शेख मुख्तार अहमद, हाजी शेख नौशाद अहमद, शेख मोबिन अहमद की माता थीं।

### राजेश कुमार बरमट



रायपुर। राजधानी निवासी राजेश कुमार बरमट का 23 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जुलाई दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सुरेश बरमट के भाई और जय, विजय बरमट के पिता थे।

# बूढ़ापारा पुराना धरनास्थल, पुजारी पार्क के पास, पाम ब्लाजियो के सामने वेंडिंग जोन जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरवासियों को 3 अलग-अलग स्थानों पर वेंडिंग जोन की सुविधा मिलेगी। बूढ़ापारा स्थित पुराना धरना स्थल, पुजारी पार्क टिकरापारा के पास, पाम ब्लाजियो के सामने और जब्बार नाला के समीप जल्द वेंडिंग जोन विकसित होंगे। इसमें नगर निगम से पंजीकृत फुटकर विक्रेताओं को व्यवस्थापित किया जायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निवेश विभाग के अधिकारियों को 13 जगहों पर स्वीकृत वेंडिंग जोन विकसित करने निविदा बुलाने के निर्देश दिये।

गांधी सदन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें टाउन वेंडिंग कमेटी द्वारा स्वीकृत 13 अन्य स्थानों पर जल्द वेंडिंग जोन विकसित करने स्थल निरीक्षण कर निविदा आमंत्रित करने निर्देश दिये, ताकि फुटकर विक्रेताओं को आजीविका के लिए स्वच्छ वातावरण में सुरक्षित जगह वेंडिंग जोन के रूप में मिल सके।

***हिमालयन हाईट्स के पास देवपुरी :*** निगम आयुक्त ने शहरी आजीविका मिशन की मिशन मैनेजर को 3 स्थानों में वेंडिंग जोन विकसित करने के लिए संबंधित जोनों की टीम के साथ समन्वय कर सर्वे कार्य कराने निर्देश दिये। बैठक में अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, सहायक अभियंता नितिश झा, उप अभियंता विकास साहू, शहरी आजीविका मिशन की मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा उपस्थित रहीं।

## निगम आयुक्त ने गांधी सदन में ली विभागीय अधिकारियों की बैठक



### इन स्थानों पर बनेंगे वेंडिंग जोन

- ईदगाह भाठा में जोन 5 कार्यालय के सुलभ शौचालय के पास
- डंगनिया से सीएसईबी पार्ट 1
- तरुण तालाब से जीआईएस मार्ग
- लाखे नगर से सारथी चौक तक रोड के बांये तरफ
- त्रिमूर्ति मंदिर चौक मठपुरैना
- भाठागांव आटो स्टैंड के पास
- जलगृह मार्ग
- माध्यमिक शिक्षा मंडल की बाउंड्री से लगा हुआ टैगोर नगर
- विसर्जन कुंड के पास रायपुरा
- हीरापुर में सब्जीबाजार के पास
- एक्सप्रेस वे के नीचे तेलीबांधा
- एसएलआरएम सेंटर के पास
- कमलविहार चौक बोरियाखुर्द पौनी पसारी

# रक्षाबंधन पर दिल्ली, मुंबई, हावड़ा रूट की ट्रेनों में वेटिंग 60 के पार, फर्स्ट एसी में जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सावन के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो चुका है। 19 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा, जिसके लिए अभी से ट्रेनों में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। लगातार ट्रेन रद्द होने के बाद भी रक्षाबंधन को लेकर ट्रेनों में एडवांस टिकट जमकर बुकिंग हुई। ज्यादातर यात्री घर लौटने उन ट्रेनों में टिकट खरीद रहे हैं, जिन ट्रेनों को रेलवे ने अभी तक रद्द नहीं किया है। रायपुर से दिल्ली, मुंबई और हावड़ा समेत उत्तर प्रदेश और बिहार जाने समता, छत्तीसगढ़, सारनाथ, गीतांजलि एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में वेटिंग अभी से 50 के पास पहुंच गया है। जल्द ही थर्ड और फर्स्ट कोच में भी वेटिंग की झंझट शुरू हो जाएगी। बता दें कि मार्च से जून तक रेलवे ट्रेनों के विलंब और पटरियों के काम से अभी तक 300 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर चुका है। रेलवे के इस फैसले से यात्रियों को बड़ी तकलीफ हुई है। जोन के अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि पर्व के दिन ट्रेन रद्द नहीं होगी, लेकिन पर्व से पहले ट्रेन का परिचालन बिगड़ सकता है। दपूमरे के अलावा दूसरे मंडल में पटरियों का काम चलेगा।

### लगातार रद्द ट्रेनों से बना रहे दूरी

लगातार ट्रेनों के रद्द होने से अब टिकट एजेंट भी एडवांस टिकट बुकिंग सिर्फ उन ट्रेनों में कर रहे हैं, जिसके रद्द होने की संभावना फिलहाल नहीं है। यात्री भी उन ट्रेनों में सफर करना नहीं चाहते, जिसे रेलवे बार-बार रद्द कर रहा है। इसीलिए रक्षाबंधन में जाने यात्रियों ने रद्द वाली ट्रेनों से दूरी बना ली है। ऐसे ट्रेनों में बुकिंग त्योहार के दौरान कम है। प्रमुख ट्रेनों में बुकिंग फुल होने की वजह से अब वेटिंग की स्थिति बन चुकी है। ऐसे में अगर रेलवे स्पेशल ट्रेन नहीं चलाता है, तो एक बार फिर हजारों यात्रियों को दिक्कत होगी। इस बात का अंदाजा यात्रियों को भी है। इसीलिए महीनेभर पहले बुकिंग करवा रहे हैं।



**इन ट्रेनों में सीट खाली :** प्रमुख ट्रेनों को छोड़कर लगातार रद्द होने वाली ट्रेनों के सभी कोचों में टिकट यात्रियों को आसानी से मिल रही है, लेकिन यात्रियों को रद्द ट्रेनों की टिकट खरीदने में कोई दिलचस्पी नहीं है। हमसफर, भगत की कोठी, रीवा-बिलासपुर, बीकानेर एक्सप्रेस, एलटीटी स्पेशल, विशाखापटनम एक्सप्रेस जैसी दर्जनों ट्रेनों में सीट उपलब्ध हैं। 17 अगस्त से पहले ट्रेनों में कन्फर्म सीट मिलने की संभावना है। 18 और 19 अगस्त को लंबी दूरी की ट्रेनों आसानी से सभी कोच सीट मिल रही है।

### त्योहारों के दौरान ऐसी है ट्रेनों की स्थिति

**समता एक्सप्रेस : 17 अगस्त को रायपुर से दिल्ली**
स्लीपर : 17 अगस्त को 28 वेटिंग
सेकेंड एसी : मात्र 2 टिकट उपलब्ध
थर्ड एसी : 40 सीट खाली है

**साउथ बिहार, रायपुर से पटना : 17 अगस्त को**
स्लीपर में 71 सीट आरएसी वेटिंग है
थर्ड एसी में 3 वेटिंग लिस्ट
सेकेंड एसी में 2 वेटिंग

**सारनाथ एक्सप्रेस, रायपुर से प्रयागराज**
स्लीपर में 17 अगस्त को वेटिंग अभी 57 है
थर्ड एसी में 12 वेटिंग
सेकेंड एसी में 1 वेटिंग

**हटिया लोकमान्य एक्सप्रेस, रायपुर से मुंबई : 17 अगस्त को**
स्लीपर में 18 वेटिंग
थर्ड एसी में 11 वेटिंग
सेकेंड एसी में 9 वेटिंग
फर्स्ट एसी में वेटिंग 1

**हटिया पुणे एक्सप्रेस, रायपुर से पुणे : 17 अगस्त को**
स्लीपर में 15 वेटिंग
थर्ड एसी में 40 वेटिंग
सेकेंड एसी में 14 वेटिंग

## छात्र-छात्राओं ने गुरुजनों का किया सम्मान



रायपुर। शासकीय विद्यालय परिसर टिकरापारा में गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत टीएलएम दिवस का आयोजन व प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद चंद्रपाल धनगर एवं वरिष्ठजन दयाराम मेंढे ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन के साथ जीवन में नैतिक मूल्यों एवं समय का महत्व बताने के साथ मिष्ठान वितरण किया गया। इसी दौरान शासकीय नगर निगम उच्चतर माध्यमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा गुरुजनों का ससम्मान पूजन एवं वंदन किया गया। नगर निगम हायर सेकेण्डरी शाला की प्राचार्य संध्या तिवारी, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानाचार्य महेंद्र बघेल, प्रधानाचार्य श्याम पटेल, विक्रम त्यागी, मीना वर्मा, सुनीता शुक्ला, विजय प्रभा शर्मा, शैल शर्मा, देवेंद्र साहू, सुमिता दुबे, सुनीता मानिकपुरी, श्रीनिवास साहू, तारकेश्वर मिर्झे आदि उपस्थित थे।

## पेज 07 के शेष ...

### पंद्रह घंटे में साढ़े छह सेमी...

छंटने से लोगों को थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। शहर का अधिकतम तापमान रविवार को 32 डिग्री के करीब दर्ज किया गया था। उस दौरान लोग उमस भरी गर्मी से हलाकान हो रहे थे। सोमवार को मौसम में बदलाव हुआ और बारिश के प्रभाव से मौसम में ठंडकता लौट आई थी। कल का अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री दर्ज किया गया था, जो मंगलवार को कम होकर 26.6 डिग्री तक पहुंच गया है।

### राजधानी में स्वाइन...

राजधानी के जिन दो लोगों को स्वाइन फ्लू से संक्रमित पाया गया है, वे रिश्तेदार हैं। उनकी ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है, मगर एक अस्पताल का कर्मचारी है, जहां से उसके संक्रमित होने की आशंका है और दूसरा क्लोज कांटेक्ट की वजह से स्वाइन फ्लू का शिकार हुआ है। सर्दी, खांसी, बुखार की शिकायत पर वे अस्पताल पहुंचे थे, जहां शंका के आधार पर उनकी जांच हुई और दोनों स्वाइन फ्लू संक्रमित पाए गए। उपचार के बाद उनकी हालत में काफी सुधार हो चुका है। इसी तरह दस दिन पहले एक अन्य अस्पताल में कांकेर के युवक में इस संक्रमण का पता चला था। उसके दोनों फेफड़ों में संक्रमण हो चुका था और निजी अस्पताल में उसका इलाज किया गया था। डाक्टरों के मुताबिक सामान्य दवाओं से ठीक होने वाली बीमारी अगर जल्दी ठीक नहीं हो रही है और उसकी समस्या बढ़ती जा रही है, तो इसकी जांच करना जरूरी है।

### कांग्रेसियों को रोकने 9 सौ...

पूरी तरह से बंद रहेगा। प्रदर्शनकारियों के लिए पार्किंग स्थल तय प्रशासन ने प्रदर्शन में शामिल होने वाले नेता व कार्यकर्ताओं की गाड़ियों को पार्क करने के लिए जगह निर्धारित किया है। इसके तहत पार्किंग की व्यवस्था पुराना बस स्टैंड पंडरी में की गई है। **ये मार्ग बंद रहेंगे :** पंडरी कपड़ा मार्केट तिराहा से मंडीगेट की ओर सड़क बाधित रहेगा, अवंति बाई चौक से मंडीगेट-पंडरी की ओर पूर्णतः बंद रहेगा, मंडी गेट चौक से मेन रोड पंडरी की ओर पूर्णतः बंद रहेगा, ज्ञानगंगा तिराहा, ग्राम बरौदा एवं विधानसभा ब्रिज के नीचे से डायवर्सन कर विधानसभा चौक की ओर आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। **प्रदर्शन का बाजार पर पड़ेगा असर :** कांग्रेस के प्रदर्शन का असर जिला अस्पताल से लेकर अवंति विहार चौक तक मार्केट पर भी पड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने इस मार्ग के दोनों तरफ की दुकानों को प्रदर्शन खत्म होने तक बंद रखने की अपील की है। हालांकि विभागीय अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। विदित हो कि तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल के दौरान भी भाजपा के विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान ही इस मार्ग को बंद कराया गया था। इस दौरान यहां की दुकानों को भी बंद कराया गया था।

### परेशानी से बचने वैकल्पिक...

नेशनल हाईवे, तेलीबांधा होते हुए आवागमन करें, आमासिवनी व सड्डू की ओर से शहर आने-जाने वाले वीआईपी टर्निंग, अशोका रतन के सामने श्रीरामनगर ओवरब्रिज, शंकर नगर चौक होकर आवागमन करें, मोवा व दलदलसिवनी की ओर से शहर की ओर आने-जाने वाले मोवा ओवरब्रिज, अवंतिबाई चौक, क्रिस्टल ऑर्किड रोड, शंकर नगर चौक होकर आवागमन करें, पंडरी व देवेंद्र नगर की ओर से मोवा या दलदल सिवनी आने-जाने वाले देवेंद्र नगर, मंडी चौक, कांपा रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज सर्विस रोड होकर आवागमन करें।

### ओपीडी के कंसलटेंट डाक्टर...

में आने वाले सीनियर डाक्टर अपने तय समय का पालन नहीं कर रहे हैं। अस्पताल में ओपीडी का वक्त आठ बजे से हैं मगर चिकित्सक नौ बजे के बाद ही कक्ष तक पहुंच रहे हैं और तक मरीजों को उनके आने का इंतजार करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से अधिकतर विभागों में अपनी जांच की प्रतीक्षा करने वाले मरीजों की भीड़ लगी रहती है। सूत्रों के अनुसार निरीक्षण के दौरान विभागों से डाक्टरों के गायब रहने की रिपोर्टिंग तो अस्पताल प्रबंधन से की जाती है, मगर उनके द्वारा अब तक इस मामले में किसी तरह का एक्शन नहीं लिया गया है, जिससे डाक्टरों की मनमानी जारी है।

**केजुअल्टी में आरएमओ की ड्यूटी:** गंभीर स्थिति में इलाज के लिए पहुंचे एक मरीज की इलाज के दौरान मौत के बाद केजुअल्टी में डाक्टरों की उपस्थिति पर गंभीरता दिखाई जा रही है। इस मसले पर आज हुई बैठक के बाद मेडिसिन विभाग द्वारा तीन आरएमए की ड्यूटी शिफ्ट में केजुअल्टी में लगाई गई है। गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार की सुविधा देने के लिए इमरजेंसी विभाग को अपडेट करने की योजना बनाई गई थी, मगर अस्पताल में संचालित अन्य विभाग से इसके लिए सहयोग नहीं मिल पाया है।

**आभा आईडी उपयोग करने वाले कम :** आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को लंबी लाइन की परेशानी से बचाने के लिए आभा आईडी की सुविधा तो लागू कर दी गई है, मगर इसका लाभ उठाने वाले मरीजों की संख्या बेहद कम है। अस्पताल में आने वाले ज्यादातर मरीज दूरदराज के ग्रामीण इलाकों के होते हैं, जिन्हें इस एप की उपयोगिता के बारे में समझा पाने में दिक्कत हो रही है। आभा आईडी की सुविधा अब जिला अस्पताल, एम्स के साथ आंबेडकर अस्पताल में भी लागू हो चुकी है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**
आवश्यकता है- शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय लेखा शास्त्र एंव संस्कृत का नया सबेरा उ.मा. गोकुल नगर (राम नगर) रायपुर (36 गढ़) मों. 9993453324. (RO-6040)

**सेल्समैन/हेल्पर**
आवश्यकता है- थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समेन व साड़ियो का अनुभवी सेल्समेन एंव हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1643)

**ड्रायवर**
आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल कार्य हेतु मेहनती ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन 10,000/- समय 9:00 से 8:30 तक पता- ब्राह्मण पारा, सोहागा मंदिर रायपुर मोबाइल नंबर - 9826182338 (RO-6039)

आवश्यकता है- फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 6263757358.(RO-1725)

**ड्रायवर/मार्केटिंग**
आवश्यकता है- टाटाएस के लिए टिकने वाले ड्राइवर, ऑफिस के लिए लड़की और मार्केटिंग के लिए लड़के की आवश्यकता है। जीएमएस कोरियर वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड1 कुशालपुर रायपुर बायोडाटा लावे 9399676408. (RO-Meeth)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**ऑफिस सहायक**
आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। 6265100904.(RO-2890)

**स्टाफ नर्स/वार्ड बॉय**
आवश्यकता है- स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा, संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (RO-2892)

**दुकान कार्य**
आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें:- रेमण्ट शो रूम के पीछे गोकुल सुपर बाजार के बाजू में पण्डरी आर.एस.एपेरल्स रायपुर मों. - 9406230226, 8959961825. (RO-6041)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-68)

**हार्डवेयर/गोदाम कार्य**
आवश्यकता है- रायपुर देवेंद्र नगर में हार्डवेयर एवं मोड्यूलर गोदाम हेतु अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार देवेंद्र नगर फाफाडीह के नजदीक रहवासी को प्राथमिकता। मो- 9425246325/ 9907788603 रिज़्यूम वाट्सएप पर भेजें।(SPD /799)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आश्यकता**
आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं, 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

आवश्यकता है- ज्योति ऑप्टिकल कम्पनी शो रूम में कार्य करने हेतु युवक एवम युवतियों की आवश्यकता है, मिले- शाम 4 से 5 ,ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग (आरो नं-252)

**टैलीकॉलर**
आवश्यकता है- डाटा कॉलिंग के लिए लड़कियों की आवश्यकता है घर में बैठकर या ऑफिस में जाकर कॉलिंग कर सकते हैं। स्थान- आफिस नेहरू नगर भिलाई मोबाइल- 8103343389. (आरो नं -545)

**खाना मिस्त्री**
आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने, बर्तन धोने लड़कों एवं लेडीज की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812. (RO-34924)

**मार्केटिंग**
आवश्यकता है- जैविक कृषि उत्पादों की मार्केटिंग कार्य करने हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है पोस्ट -10 वेतन/आय :20000/- प्रतिमाह 9713517535, 9300494000. (RO-321)

**मशीन ऑपरेटर**
आवश्यकता है- लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, और हेल्पर की। पता बाराडेरा, सीआरपीएफ कैंप के पास, मंदिर हसौद, रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 7024347173.(RO-2889)

बड़ा लाभ

**सुरक्षागार्ड**
आवश्यकता है- तत्काल आवश्यकता है बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9109222000. (RO-2893)

**घरेलु कार्य**
आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ़्त जल्दी संपर्क करें - रायपुर mobile - 8839536035, 7987466526.(RO-175)

**डिजाइनर/ड्रायवर**
शीघ्र आवश्यकता है- ग्राफिक्स डिजाइनर सुपरवाइजर, विज्ञापन की गाड़ी (टाटा एस ई रिक्शा) चलाने हेतु ड्राइवरों एवं मेहनती लड़कों की संपर्क मोबाइल- मां एड एजेंसी, मंजीत टावर रायपुरा चौक रायपुर- 7869187165. (RO-3709)

**ऑफिस कार्य**
आवश्यकता है- राष्ट्रीय स्तर कम्पनी में ऑफिस कार्य हेतु नवयुवको की आवश्यकता है। जो अन्य शहरों में भी जाकर कार्य कर सके सैलरी+ कमीशन+ बोनस+ रहना, खाना फ्री। सम्पर्क करें- 9691233111, 7999114133. (RO-34883)

**अन्य**
आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667.(RO -2872)

**Business व्यापार**
व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

**Education शिक्षण**
प्रवेश प्रारंभ - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करें:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो -6357)

**Astrology ज्योतिष**
ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**
प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। संपर्क - 72470-06610, 72470-06609.(आरो-6352)

**जमीन**
जमीन बेचना है- भिलाई में निवेश के लिए शानदार प्लॉट करंजा भिलाई में 225/- प्रतिवर्गफीट सबसे सस्ती और सबसे अच्छी निवेश के लिए बेहतरीन अवसर अपना ड्रीमहोम I.I.T. के नजदीक बनाएं बेस्ट लोकेशन /प्राइस अभी विजिट करें और डील फाइनल करें संपर्क करें 9893370648.(आरो नं.542)

जमीन बेचना है- धनोरा रिसाली प्रियंका नगर में डायवर्टेड-1938 (40×48) वर्गफीट, पूर्व दिशा, लैंडमार्क सनराइज टावर,1300 रुपए प्रति वर्गफीट में बेचना है। Mo.- 91111-33315.(आरो नं .543)

**दुकान/प्लाट**
बेचना है- जामुल दुर्गा मंदिर के पास 1600 वर्गफीट डबल स्टोरी 3दुकान के साथ, कैलाशनगर में 60×40 , इंदिरानगर दुबे पशुआहार के पास 1800 वर्गफीट,तीनों पूर्व फेसिंग प्लाट अतिशीघ्र बेचना है। संपर्क:- 9329011768, 7000340419.(आरो नं .544)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Healthcare**

**चमड़ी रोग**
क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस) (आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल(फार्मासाईटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## खबर संक्षेप

### प्रशासन के साथ एनएमडीसी ने की लोगों की मदद

**रायपुर।** पिछले कुछ दिनों में किरंदुल क्षेत्र में एक हजार मिलीमीटर से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई, जिसके चलते बारिश का पानी बैलाडीला 11-सी खदान में घुस गया। इस वजह से एनएमडीसी सम्प टैंक की पूर्वी दीवार ढह गई। इससे किरंदुल शहर के पास निचले इलाकों में पानी भर गया। एनएमडीसी, प्रशासन के साथ मिलकर काम करते हुए स्थानीय लोगों को पूरा सहयोग एवं समर्थन प्रदान कर रहा है। अब तक कोई क्षति दर्ज नहीं की गई है। एनएमडीसी ने किसी भी भावी नुकसान की संभावना को कम करने और स्थिति नियंत्रित करने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए हैं और परिस्थिति पर निगरनी रखे हुए है। हर साल एनएमडीसी मानसून के दौरान इस तरह की घटनाओं की संभावना कम करने के लिए जरूरी तैयारी करता है। इस साल भी सुनिश्चित किया गया कि भारी बारिश की वजह से नुकसान कम से कम हो।

### महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी गीत और नृत्य किए पेश



**रायपुर।** हम साथ-साथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हरित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों ने सावन एवं वर्षा पर हिंदी छत्तीसगढ़ी गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही छत्तीसगढ़ी क्विज, जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन, साग, पोशाक गहने, नृत्य गीत एवं तीर्थस्थल पर सवाल पूछे गए। सावन क्वीन शोभा त्रिपाठी एवं नमिता, क्विज की विजेता श्वेता शर्मा एवं वैजयंती, गायन में कनिका चौबे विजेता रहीं। पुरस्कार वितरण अध्यक्ष मृणालिनी मिश्रा एवं महासचिव निर्मला शर्मा ने किया।

### संत चितले बाबा का जन्मोत्सव कल

**रायपुर।** शिरडी वाले साईं बाबा के परम भक्त संत गुलाब बाबा के



शिष्य संत चितले बाबा का 24 जुलाई को शिव धाम तुलसी पाटन में आगमन हो रहा है। राजधानी रायपुर के अनुयायियों की ओर से गुरुवार 25 जुलाई को संत चितले बाबा का जन्मोत्सव शिव धाम में धूमधाम से मनाया जाएगा। संतश्री अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान आमजनों के दर्शनार्थ उपलब्ध रहेंगे।

### अंताक्षरी स्पर्धा में गीतों पर झूमती रहीं महिलाएं



**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामांजलि की ओर से दो दिवसीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। इस स्पर्धा में 54 समूह ने हिस्सा लिया। प्रत्येक समूह में चार महिला सदस्य थीं। स्पर्धा में सावन को आने दो टीम विजेता बनी। चार टीम खाना गाना, चार यार, सावन को आने दो और दीवाने मस्ताने के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया।

# चैंबर की बैठक, संविधान संशोधन पर हंगामा, पारवानी ने कहा-चुनाव लड़ें और ताकत दिखाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रदेश कार्यकारिणी की अंतिम बैठक में मंगलवार को हंगामा हुआ। एकता पेनल ने संविधान संशोधन को लेकर जहां सवाल उठाये। वहीं जय व्यापार पेनल ने आरोप को एक सिरे से खारिज करते हुए कहा कि नियम के साथ संविधान संशोधन किया गया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने का कहना है कि कार्यकारिणी में यह विषय गया और वहां से मंजूरी मिलने पर कमेटी बनी। जिसने समय लेकर एक ड्राफ्ट तैयार किया उसे कार्यकारिणी में सर्व सम्मति से पारित करने के बाद आमसभा हुई। व्यापारी एकता पेनल के राजेश वासवानी से संशोधन को गलत बताते हुए अध्यक्ष से सवाल किया। जिस पर अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि उदबोधन होते ही वे इसका जवाब देंगे। पर जवाब से पहले नारेबाजी शुरू हो गई। बैठक में संरक्षक आसुदामल वाधवानी, ईश्वरचंद अग्रवाल, रामजी भाई पटेल, अनिल बरड़िया, सलाहकार- मगेलाल मालू, भरत बजाज, दीपक बल्लेवार, जितेंद्र दोशी, प्रमोद दुबे, राम गिडलानी, दिलीप खटवानी, संजय रावत, परमानंद जैन, राकेश ओचवानी, सुरिंदर सिंह, अजय अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, राजेन्द्र जग्गी, सहित प्रदेश भर से उपाध्यक्ष, मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य और व्यापारिक, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।

## शिवराज चुनाव अधिकारी मनोनीत, अमर ने कहा- विपक्षी चुनाव लड़ें, वहां ताकत दिखाएं

### संविधान संशोधन में प्रक्रियाओं को अपनाया

चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है कि मेरे जवाब देने के बाद वे लगातार सवाल कर रहे थे। मेरी बातों को सुन नहीं रहे थे। यह आरोप लगाते हैं कि चैंबर में संविधान संशोधन नियम के तहत नहीं हुआ। जबकि चैंबर में संविधान संशोधन नियम के साथ हुआ है। इसमें प्रक्रियाओं को ध्यान में रखा गया है। संविधान में कही भी यह मेंशन नहीं है कि जब तक अध्यक्ष नहीं रहेगा तो क्या प्रोटोकाल होना चाहिए। ऐसे में संविधान पर चर्चा शुरू हुई कार्यकारिणी में विषय रखा गया। वहां से मंजूरी मिलने पर कमेटी बनी जिसने समय लेकर ड्राफ्ट तैयार किया। मेडिकल कालेज के सभागार में आमसभा की गई थी। वहीं कमेटी के सदस्य संजय रावत ने प्रदेश के व्यापारियों के सामने सारी जानकारी दी। सारी चीजें डाक्यूमेंटेड है।




### चुनाव अधिकारी की नियुक्ति, जल्द होगा चुनाव

चैंबर कार्यकारिणी की अंतिम बैठक में शिवराज भंसाली को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। अमर पारवानी ने बताया पितृपक्ष के दौरान व्यापार थोड़ा कमजोर होता है इसलिए हमने उस समय चुनाव कराने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया है। हालांकि चुनाव की तारीख का अंतिम निर्णय चुनाव अधिकारी लेंगे।

## समता कालोनी से अग्रसेन चौक मार्ग में भरा पानी, आने-जाने वाले लोग रहे परेशान

# प्रोफेसर कालोनी, शीतला नगर, तरुण नगर कौशिल्या विहार सेक्टर 10 सड़क पर जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में दो दिनों से रुक-रुक हो रही बारिश से जहां आम आदमी को उमस से राहत मिली है, वहीं शहर के दर्जनभर से ज्यादा रिहाइशी इलाकों में सड़क पर बारिश का गंदा पानी भरने से लोग परेशान रहे। कौशिल्या विहार सेक्टर 10 के प्रमुख मार्ग में जलभराव होने से रहवासियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। समता कालोनी में मंगलम नाले से लेकर अग्रसेन चौक तक मुख्य मार्ग की सड़क पर घुटना भर पानी भरने से राहगीर सहित दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालक त्रस्त रहे। प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1 से लेकर 4 में जलभराव होने से लोगों को आने-जाने में खासी परेशानी हुई। रावतपुरा फेज 2, आनंद विहार में कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली।

- गोकुलनगर के अटल विहार, रावतपुरा फेज 2
- पचपेड़ी नाका से भाठागांव के सर्विस रोड की हालत खस्ता, जगह-जगह गड्ढों में गंदा पानी



### पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक रिंग रोड की हालत खस्ता

पचपेड़ी नाका से भाठागांव जलगृह मार्ग तक सर्विस रोड में जगह-जगह गड्ढा होने और बारिश तथा नाली का गंदा पानी सड़क पर भरने से शहरवासियों को अपने गंतव्य तक आने-जाने में परेशानी हुई। दोपहिया और तिपहिया चालक भी जगह-जगह गड्ढे और नुकीलर बजरी से बचते-बचाते निकलते नजर आये। गंदे पानी के छीटे से राहगीरों को परेशानी हुई।

### गोकुल नगर अटल विहार, रावतपुरा फेज 2, आनंद विहार में भरा पानी

स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित रावतपुरा फेज 2 कालोनी, आनंद विहार और गोकुलनगर के अटल विहार इलाके के 5 नंबर गली में जलभराव से लोगों को परेशानी हुई। निकास नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने और गड्ढों में पानी भरने से रहवासी परेशान रहे। दुर्गा मंदिर क्षेत्र, दीनबंधु गली और भैरवनगर खदान बस्ती वाले मार्ग पर घंटों गंदा पानी भरा रहा।

### प्रगति कालेज के सामने से पांडे नर्सिंग होम तक जलभराव

स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित समता कालोनी के प्रगति कालेज से पांडे नर्सिंग होम वाली सड़क पर बारिश और नाली का गंदा पानी तेज बहाव के साथ घंटों बहता रहा। इससे आसपास के रहवासी सहित इस मार्ग में आने-जाने वाले परेशान रहे। इसी तरह अग्रसेन चौक से एड लैब्स वाले मार्ग में घुटनों तक गंदा पानी सड़क पर भरने से समता कालोनी, चौबे कालोनी सहित आसपास के रहवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### गंदा पानी से लोग रहे परेशान

रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या विहार सेक्टर 10 क्षेत्र में मुख्य मार्ग की सड़क में बारिश का गंदा पानी लबालब भरने से लोग परेशान रहे। कीचड़ और गंदगी के बीच से होकर लोगों को आना-जाना पड़ा। यही नहीं, कौशिल्या विहार में विद्युत व्यवस्था चरमराने से वहां के रहवासी इन दिनों बेहद परेशान हैं। कौशिल्या विहार रेसीडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य ने बताया कि इसकी शिकायत प्राधिकरण के अधिकारियों से भी की है, पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। पिछले 3 दिनों से घंटों बिजली बंद होने की समस्या बनी हुई है। कभी आधे घंटे के लिए लाइट आती है तो कभी घंटों बिजली बंद रहती है। अंडर ग्राउंड केबल सिस्टम लगाते समय प्राधिकरण के अधिकारियों ने इसकी प्रापर मानिटरिंग नहीं की। इसका खामियाजा लोगों को बारिश के सीजन में भुगतना पड़ रहा है।

## श्रद्धा और उत्साह से मनाया महासंघ का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूज्य धर्मध्वज के प्रताप से महासंघ का स्थापना दिवस सभी इकाइयों में अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया। इसी क्रम में एजेबीएम छत्तीसगढ़ कुटुंब इकाई में भी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नव धर्मध्वज का विधिवत पूजन-अर्चन कर आरोहण किया और ध्वज गान का गायन कर ध्वज को नमन किया। संस्था के प्रांताध्यक्ष सुशांत कुमार तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों के परिजनों द्वारा परम पूज्य प्रति की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी दौरान सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई और महासंघ के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित कर आपस में मेल मिलाप बढ़ाने, नए सदस्यों को जोड़ने पर सहमति बनी। कार्यक्रम में मिथिलेश रिछारिया, हेमंत रिछारिया, आशा रिछारिया, सुरेश रिछारिया, प्रशांत तिवारी, रजनी तिवारी, वेदांत तिवारी, अनिता तिवारी आदि सभी भारी वर्षा के बीच इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए

## कॉल सेंटर में आने लगीं शिकायतें कुछ ही घंटे में हो रहा निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट में जन समस्या निवारण कॉल सेंटर खुलने के दूसरे दिन से ही लोगों की शिकायतें आनी शुरू हो गई हैं। इनमें कुछ शिकायतों का कुछ घंटे के भीतर ही निराकरण भी किया गया। इनमें आरंग क्षेत्र के ग्राम चपरीद निवासी किसान हिरेंद्र साहू को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर किसान के दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया, जिसके बाद किसान हिरेंद्र को भी अब योजना के तहत किस्त की राशि मिल पाएगी।

**कुछ घंटे में मिल गई राशन कार्ड की सॉफ्ट कॉपी :** गुढ़यिारी निवासी संजय जानी ने राशन कार्ड के पीडीएफ नहीं मिलने की शिकायत कॉल सेंटर में की। इस शिकायत पर तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारी ने जोन-1 में सम्पर्क कर हितग्राही के राशन कार्ड की सॉफ्ट कॉपी वाट्सप के माध्यम से उसके मोबाइल में उपलब्ध कराया गया।

### नाली की बदबू और मच्छरों से मिली मुक्ति

कॉल सेंटर में मानजीभाई होटल के पास नाली की बदबू और मच्छरों से लोग परेशान थे। इसकी शिकायत मिलते ही कुछ घंटे के भीतर नगर निगम की टीम को मौके पर भेजकर नाली की सफाई कराने के साथ मच्छरों को नियंत्रण करने दवा का छिड़कांव कराया गया। इससे क्षेत्र के लोगों को बदबू और मच्छरों से राहत मिली।

### रात में शिकायत, सुबह निराकरण

बिलाड़ी गांव की रहने वाली शकुंतला साहू ने कॉल सेंटर में सोमवार रात को शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोस में निस्तारी के पानी को मुरूम डालकर रोक दिया गया है। इससे लोगों को काफी परेशानियां हो रही है। सुबह होते ही इस शिकायत पर तिल्दा एसडीएम ने राजस्व टीम को भेजकर जेसीबी के माध्यम से पानी निकासी के लिए रास्ता बनाकर लोगों की समस्या का निराकरण किया।

## डेढ़ साल से प्रोत्साहन राशि नहीं कैसे होगा स्वास्थ्य सेवा का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्रामीण इलाकों में सेवा देने के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए सूरजपुर जिले के डाक्टर सहित अन्य स्टाफ न्यायालय की शरण में जाएंगे। सेवा देने वाले चिकित्सकीय स्टाफ को पिछले डेढ़ साल से इस राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इसे लेकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार की योजना पर सवाल उठाया जा रहा है।

- सूरजपुर के डाक्टर और अन्य स्टाफ जाएंगे न्यायालय की शरण में

जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा कठिनतम और पहुंच विहीन स्थानों तक स्वास्थ्य सेवा को पहुंचाने के लिए सीआरएमसी योजना लागू की गई है। इसके तहत सेवा देने वाले चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ को हर तिमाही में प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाता है। सूरजपुर जिले के 215 उपस्वास्थ्य केंद्र और 39 अस्पताल इस योजना के तहत चिन्हित किए गए हैं और वहां काम करने वाले स्टाफ को इसके लिए अतिरिक्त राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार पिछले डेढ़ साल से उनके खाते में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस मामले में चिकित्सकों सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा जिला स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात की जा चुकी है, मगर उनकी ओर से किसी तरह कार्यवाही नहीं की गई है।



### अब तक भुगतान नहीं किया

चिकित्सकों के प्रतिनिधि इसे लेकर प्रदेश स्तर के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं, मगर अब तक भुगतान नहीं किया गया है। नाराज कर्मचारी इस मामले में न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं। यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि शासन एक ओर दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के दावे करता है, दूसरी वहां काम करने वाले कर्मचारियों को योजनाओं की राशि का भुगतान नहीं कर हतोत्साहित किया जाता है। प्रोत्साहन राशि संबंधित जिले के चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ का हक है, जिसे पाने के लिए उनके द्वारा लिए गए निर्णय में संगठन उनके साथ हैं।

# मास्टर चाबी से करते थे चोरी 2 आरोपियों से 14 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने मंगलवार को शहर में अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से चोरी के 14 वाहन जब्त किए गए हैं, जिसकी चोरी आरोपियों ने न्यूराजेन्द्र नगर, बूढ़ापारा, मोवा-पंडरी कपड़ा मार्केट, कटोरा तालाब, रामसागर पारा, अवंति विहार क्षेत्र से की थी।

शहर में दोपहिया वाहन चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। शहर के व्यावसायिक एवं भीड़ इलाकों से दोपहिया वाहन की लगातार चोरियां हो रही हैं। न्यू राजेन्द्र नगर, बूढ़ापारा, मोवा-पंडरी कपड़ा मार्केट, कटोरा तालाब, रामसागर पारा, अवंति विहार क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी के मामले में संबंधित क्षेत्र के थानों में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अपने मुखबिरों को अलर्ट किया हुआ था।

इस दौरान 23 जुलाई को सुबह 11 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति फल मंडी के पीछे चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं।




### मास्टर चाबी लगाकर करते थे चोरी

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वाहन चोरी करने के लिए वे मास्टर चाबी का इस्तेमाल करते थे। यह मास्टर चाबी कोई भी दोपहिया वाहन में लग जाती है। आरोपियों ने अब तक एक्टिवा, जुपिटर, एक्सेस, पल्सर, स्पलेंडर, होंडा साइन जैसे वाहन चोरी किए हैं। दोनों आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान टोपेश्वर साहू उर्फ संजू 28 वर्ष निवासी सेक्टर.01 अवंति विहार एवं जितेन्द्र निषाद 34 वर्ष निवासी ग्राम हथखोज राजिम के रूप में की गई। दोनों आरोपियों ने शहर में वाहन चोरी की कई वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से 14 गाड़ियां बरामद की हैं।

## बिजनेस साइट

### अंचल प्रमुख नायक ने लेफ्टिनेंट कर्नल जिंदल से की मुलाकात



**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक जिंदल से सौजन्य भेंट की। हाल ही में लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक जिंदल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया है।

## मंगलवार को हुई अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ की बैठक

# पास होना आसान इसलिए निजी विश्वविद्यालय में प्रवेश अब सभी विवि की परीक्षाएं एक ही बॉडी से कराने सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश की स्थिति इस बार विशेष अच्छी नहीं रही है। ना सिर्फ निजी महाविद्यालय बल्कि शासकीय महाविद्यालयों में भी सीटें दो चरणों के प्रवेश और ओपन काउंसिलिंग के बाद भी नहीं भर सकी हैं। मंगलवार को अधिकतर महाविद्यालयों में ओपन काउंसिलिंग रखी गई थी। वहीं मौजूदा स्थिति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में मंगलवार को अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ की बैठक आयोजित की गई। यहां प्राचार्यों द्वारा



नवीन शैक्षणिक सत्र के विषय में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एसोसिएशन के अनुसार, निजी विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए उत्तीर्ण होना आसान हो गया है। इसके अतिरिक्त उपस्थिति सहित अन्य नियमों का भी कड़ाई से पालन नहीं किया जाता है। इसके कारण छात्र निजी विवि में प्रवेश ले रहे हैं और शासकीय विवि तथा उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले कम हो रहे हैं। निजी कॉलेजों ने फैसला किया है कि वे उच्च शिक्षा विभाग से मांग करेंगे कि निजी और शासकीय दोनों विवि की परीक्षाएं एक ही बॉडी द्वारा ली जाए। जिस तरह से शासकीय और निजी स्कूलों की बोर्ड परीक्षाएं एक ही मंडल द्वारा ली जाती है।

### कोई विकल्प नहीं

परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसके अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं है। निजी विश्वविद्यालयों द्वारा कई स्तर पर मनमानी की जा रही है।

- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

